वर्ष : 33 ▸ अंक : 148 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 13 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




बीजेपी कोर कमेटी ने दिए सारे अधिकार

# फडणवीस के हाथ चुनावी कमान

## विधानसभा चुनाव के सभी फैसले लेंगे देवेंद्र फडणवीस

अमित बृज । मुंबई

भाजपा ने राज्य के डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस को विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग और टिकट बंटवारे का जिम्मा दिया है। मुंबई में देर रात भाजपा कोर ग्रुप की मीटिंग में इस पर फैसला हुआ। बैठक में राज्य के प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी मौजूद थे।

### जल्द ही उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी पार्टी : शेलार



भाजपा मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा कि सीट शेयरिंग के बाद पार्टी जल्द ही उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकती है। बैठक में चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में पीयूष गोयल और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी शामिल हुए।

### भूपेंद्र यादव ने की समीक्षा बैठक

विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कोर कमेटी की बैठक में उपस्थित नेताओं व पदाधिकारियों से विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली तथा उन्हें आगे की तैयारियों के संदर्भ में केंद्रीय नेतृत्व से मिले निर्देशों की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि इस बैठक में यादव ने बीजेपी के लिए अनुकूल सीटों की भी जानकारी ली तथा सीटों के बंटवारे पर भी चर्चा की।

### 16 अगस्त को MVA करेगा विधानसभा चुनावों में गठबंधन की घोषणा

विधानसभा चुनाव को लेकर 8 अगस्त को विपक्षी गठबंधन विकास अघाड़ी ने बैठक की थी। इसमें कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और NCP (शरद गुट) के नेता मौजूद थे। बैठक में कॉमन मैनिफेस्टो, फॉर्मूले और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैठक के बाद कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने बताया- 16 अगस्त को षणमुखानंद हॉल, मुंबई में एक रैली या बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। उसी दिन महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन का आधिकारिक घोषणा होगी। विजय ने यह भी बताया कि पूर्व CM पृथ्वीराज चव्हाण की अगुवाई में कॉमन मैनिफेस्टो पर काम चल रहा है। हम इस महीने के अंत तक एक-दो बैठकें और करेंगे। इससे पहले 4 अगस्त को विधानसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति तय करने के लिए मुंबई कांग्रेस और महाराष्ट्र कांग्रेस की मीटिंग हुई थी।

---

न्यूज़ ब्रीफ

### उद्धव राज में जयंत पाटिल के पास जाती थी अवैध वसूली की रकम : परमबीर सिंह

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने सोमवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी के नेता अनिल देशमुख ने उन्हें बताया था कि जबरन और अवैध वसूली की रकम एनसीपी नेता जयंत पाटिल के पास जाता था, जो अविभाजित राष्ट्रवादी 00--कांग्रेस पार्टी (NCP) का फंड मैनेज करते थे। समाचार एजेंसी PTI से बात करते हुए सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख ने अपने अधिकारियों को मुंबई से 100 करोड़ रुपये की वसूली का टारगेट दिया था। 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी ने आरोप लगाया कि देशमुख ने तब उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस सहित कई प्रमुख विपक्षी नेताओं को भी निशाना बनाने की अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया था। सिंह ने आगे स्पष्ट किया कि सिर्फ मुंबई शहर के लिए 100 करोड़ रुपये वसूली का टारगेट था और इसके लिए उनके मातहत आने वाले पुलिस अधिकारियों पर दबाव डाला गया था।

### फर्जी टिकट से फ्लाइट में चढ़ने की कोशिश, गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फर्जी टिकट से लखनऊ की फ्लाइट में चढ़ने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि चेकिंग के दौरान पता चला कि आरोपी सलीम खान के टिकट का पैसेंजर नेम रिकॉर्ड (PNR) नंबर फर्जी है। पूछताछ के दौरान खान ने दावा किया कि वह अपने पिता को छोड़ने एयरपोर्ट आया था, जो इंडिगो की फ्लाइट से लखनऊ जा रहे थे। हालांकि, उसके पिता के टिकट पर PNR असली था। आरोपी टिकट हासिल करने के पीछे अपने इरादे के बारे में अपने बयान बदल रहा है।

---

कोलकाता डॉक्टर दुष्कर्म-मर्डर केस

## महाराष्ट्र के रेजिडेंट डॉक्टर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

धीरज सिंह । मुंबई

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले से पूरे देश में आक्रोश है। पश्चिम बंगाल के अलावा देश के कई राज्यों के रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर है। अब इस मामले में महाराष्ट्र के रेजिडेंट डॉक्टरों ने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। महाराष्ट्र के रेजिडेंट डॉक्टरों ने कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु के साथ दुष्कर्म व हत्या के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रहे अपने सहयोगियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। केंद्रीय एमएआरडी (महाराष्ट्र स्टेट एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स) ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि मंगलवार से पूरे महाराष्ट्र के अस्पतालों में सभी वैकल्पिक सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। सभी आपातकालीन सेवाएं हमेशा की तरह जारी रहेंगी।



### निष्पक्ष जांच की मांग

केंद्रीय एमएआरडी ने बयान में कहा कि अपने सहकर्मियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए हम मंगलवार से देशभर में वैकल्पिक सेवाओं को बंद करने का समर्थन करते हैं, जिसमें ओपीडी, वैकल्पिक ओटी, वार्ड ड्यूटी, प्रयोगशाला सेवाएं और शैक्षणिक ड्यूटी शामिल होंगी। साथ ही कोलकाता की घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की गई।

### घटना की निंदा की

केंद्रीय एमएआरडी ने एक विज्ञप्ति जारी कर घटना की निंदा की है। विज्ञप्ति में लिखा कि कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में हुई जघन्य घटना की केंद्रीय एमएआरडी निंदा करता है और देश भर के चिकित्सा जगत के साथ एकजुटता में खड़ा है। हम संबंधित अधिकारियों से न्याय दिलाने और डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। बृहन्मुंबई नगर निगम द्वारा संचालित कूपर, केईएम, नायर और सायन अस्पतालों (बीएमसी एमएआरडी) के रेजिडेंट डॉक्टरों ने भी फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (एफओआरडीए) के साथ एकजुटता दिखाने के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। उन्होंने ने कहा कि इस दौरान ओपीडी समेत वैकल्पिक ओटी, वार्ड ड्यूटी, प्रयोगशाला सेवाएं बंद रहेगी। हालांकि इस दौरान सभी आपातकालीन सेवाएं इस दौरान शुरू रहेगी।

---



मराठा आरक्षण : शरद पवार की गुगली

## सीएम शिंदे व केंद्र के पाले में डाली मराठा आरक्षण की गेंद

नितिन तोरस्कर । मुंबई

महराष्ट्र में विधानसभा चुनावों से पहले मराठा आरक्षण पर अपना स्टैंड साफ करते हुए शरद पवार ने बड़ा दांव खेला दिया है। पुणे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को महाराष्ट्र और केंद्र सरकार से मराठा आरक्षण के विवादास्पद मुद्दे को सुलझाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वह आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा बढ़ाने सहित इस संबंध में केंद्र सरकार की किसी भी पहल का समर्थन करेंगे। शरद पवार ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मराठा आरक्षण विवाद को सुलझाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को खत्म करने के लिए काम करना चाहिए। शरद पवार ने कहा कि न्यायपालिका ने देश में 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण पर रोक लगा रखी है, लेकिन अगर कोई समस्या है तो सभी राजनीतिक दलों को एक साथ आना चाहिए और केंद्र सरकार से इसे हटाने का आग्रह करना चाहिए। हम इस प्रयास का समर्थन करेंगे।

### राज्य में बनी रहे शांति

एनसीपी (एसपी) सुप्रीमो का रुख इसके पहले पिछले सप्ताह महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सहयोगी, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी इस प्रकार की मांग की थी। तब उन्हें सत्तारूढ़ महायुति के सहयोगियों की आलोचना का सामना करना पड़ा था। मराठा-ओबीसी आरक्षण के लिए जारी संघर्ष को शांत करने के लिए राज्य के सभी राजनीतिक दलों से मिलकर काम करने की अपील करते हुए, एनसीपी (एसपी) सुप्रीमो ने कहा कि सीएम को हड़ताली शिवबा संगठन के नेता मनोज जरांगे-पाटिल के बैठक करनी चाहिए। शरद पवार ने कहा कि ओबीसी नेताओं को भी सर्वदलीय बैठक में बुलाया जाना चाहिए। इसमें एमवीए भी शामिल होगा। इस सुझाव पर सीएम शिंदे ने सोमवार को कहा कि वे महाराष्ट्र में राजनीतिक उथल-पुथल मचाने वाले आरक्षण के मुद्दे पर शरद पवार से परामर्श कर रहे हैं। शरद पवार ने चेतावनी देते हुए कहा कि सभी दलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य में सामाजिक सौहार्द बना रहे।

### केरे का ज्ञापन किया स्वीकार

यह पूछे जाने पर कि क्या जरांगे-पाटिल को मराठा मुद्दे पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए, इस पर शरद पवार ने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को चुनाव लड़ने और वोट मांगने का अधिकार है। गौरतलब है कि जरांगे पाटिल ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार वादे के मुताबिक आरक्षण व उनकी अन्य मांगों को पूरा करने में विफल रहती है, तो मराठा न केवल महायुति और एमवीए के उम्मीदवारों को हराने के लिए काम करेंगे, बल्कि वह राज्य की सभी 288 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे और सत्ता में आने का प्रयास करेंगे। पवार ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य का सामाजिक ताना-बाना सद्भावपूर्ण बना रहे और समुदायों के बीच कोई कड़वाहट पैदा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। मराठा क्रांति ठोक मोर्चा के कार्यकर्ता रमेश केरे पाटिल ने पुणे में पवार के आवास पर उनसे मुलाकात की और आरक्षण के मुद्दे पर उनका रुख जाना। इसके बाद ही राकांपा (एसपी) प्रमुख ने मीडिया को संबोधित किया। पवार ने कहा कि उन्होंने केरे पाटिल द्वारा दिए गए ज्ञापन को स्वीकार कर लिया है। इससे पहले उद्धव ठाकरे ने भी कहा था कि केंद्र सरकार आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाए। ठाकरे ने कहा था कि ऐसा होने पर वह सभी सांसदों के साथ पीएम मोदी का समर्थन करेंगे।

---

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा 17 लाख सरकारी कर्मचारी

दीपक पवार । मुंबई

महाराष्ट्र में आम लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि राज्य के 17 लाख सरकारी कर्माचारी एक साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। ऐसे में अगर आपको सरकारी ऑफिस में कोई काम है तो जल्द से जल्द निपटा लें। दरअसल, मुंबई में हुई राज्य सरकारी कर्मचारी संगठन कृति समिति की बैठक में फैसला लिया गया है कि 29 अगस्त से सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। राज्य के सरकारी कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें पुरानी पेंशन व्यवस्था के हिसाब से पेंशन दी जाए। राज्य के कर्मचारी और शिक्षकों ने पिछले साल मार्च 2023 में सात दिन की हड़ताल की थी, इस हड़ताल का असर सरकार पर देखने को मिला था। इसके बाद राज्य सरकार ने कर्मचारी और शिक्षक यूनियनों से बातचीत शुरू कर दी थी।



### मुख्यमंत्री ने लिखित में भरोसा दिया था

मुख्यमंत्री ने लिखित में भरोसा दिया था कि कर्मचारियों और शिक्षकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था के तहत ही आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा दी जाएगी। मगर, दिसंबर 2023 तक सरकार की तरफ से कोई कदम ना उठाए जाने पर कर्मचारियों ने 14 दिसंबर 2023 से फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की थी।

### अपने वादे से मुकरी राज्य सरकार


कर्मचारी संगठनों के दबाव के कारण ही सरकार ने अगले बजट सेशन में सुधारित राष्ट्रीय निवृत्ति वेतन योजना का एलान किया था। इसके बावजूद सरकार अपने वादे से पलट गई है और अपना वादा पूरा नहीं किया। इससे महाराष्ट्र के साढ़े आठ लाख कर्मचारी और शिक्षक नाराज हो गए हैं। कर्मचारियों की मांग है कि केंद्र की तरह ही उन्हें भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए।

### कर्मचारियों की ये है डिमांड

साथ ही केंद्र की तरह ही 1 नवंबर 2005 से पहले नियुक्त कर्मचारियों और शिक्षकों पर 1982 की पुरानी पेंशन योजना लागू करने की डिमांड की है।

---

## पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक



एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व ट्रेनी IAS पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक लगा दी। साथ ही दिल्ली पुलिस और UPSC को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई कर रहे जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा- निचली अदालत, खेडकर को राहत देने से इनकार करते हुए उनके खिलाफ लगे आरोपों में उलझ गई और याचिका पर सही ढंग से विचार नहीं किया। दरअसल, पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को पूजा को राहत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पूजा ने 8 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

### हाईकोर्ट की 3 दलीलें

- निचली अदालत का फैसला, पूजा के अपराध पर आधारित है। यह तो माना गया कि अपराध हुआ है, लेकिन इस बात पर शायद ही कोई चर्चा हुई है कि मांगी गई जमानत क्यों नहीं दी जा सकती।
- इस केस में कुछ और लोग भी शामिल हैं और साजिश का पता लगाया जाना है, लेकिन जमानत पर कोई चर्चा नहीं हुई है।
- बड़े मामलों में होता यह है कि हम दलीलों में इतने उलझ जाते हैं कि हम मांगी गई राहत को भूल जाते हैं। हम उस उद्देश्य को भूल जाते हैं, जिसके लिए जमानत दायर की गई थी।

---

## 5 साल के निचले स्तर पर आई महंगाई

खाने-पीने की चीजों के दाम घटे

एजेंसी । मुंबई/नई दिल्ली

महंगाई के मोर्चे पर अच्छी खबर है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी से जुलाई महीने में रिटेल महंगाई दर सालाना आधार पर घटकर 3.54% पर आ गई है। जून महीने में महंगाई दर 5.08% रही थी। वहीं, जुलाई 2023 तक रिटेल महंगाई दर 7.44 फीसदी तक पहुंच गई थी। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। बता दें कि करीब पांच साल में यह पहला मौका है जब महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के 4 प्रतिशत के टारगेट से नीचे आई है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।



### खाद्य वस्तुओं के दाम घटे

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई जुलाई में 5.42 प्रतिशत रही। यह जून में 9.36 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार दूध और दूध प्रोडक्ट्स की वार्षिक मुद्रास्फीति 2.99 प्रतिशत और फल के मामले में 3.84 प्रतिशत रही। वहीं, मसाले में 1.43 प्रतिशत की गिरावट जबकि तेल और वसा में 1.17 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसओ ने कहा कि सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी की दर 6.83 प्रतिशत और अनाज और अनाज प्रोडक्ट्स की 8.14 प्रतिशत थी। फ्यूल और लाइट सेक्शन में महंगाई दर में 5.48 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसओ के आंकड़ों से यह भी पता चला कि ग्रामीण भारत में मुद्रास्फीति राष्ट्रीय औसत से अधिक 4.1 प्रतिशत थी, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 2.98 प्रतिशत थी। राज्यों में सबसे अधिक मुद्रास्फीति बिहार में 5.87 प्रतिशत और सबसे कम झारखंड में 1.72 प्रतिशत रही।

**देश का औद्योगिक उत्पादन जून में 4.2 प्रतिशत बढ़ा :** सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले साल जून में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर चार प्रतिशत रही थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जून के महीने में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 3.5 प्रतिशत थी। आलोच्य अवधि में खनन क्षेत्र 10.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि बिजली क्षेत्र की वृद्धि दर 8.6 प्रतिशत रही। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून अवधि में देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत रही जो पिछले साल की समान तिमाही के 4.7 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) देश की आर्थिक गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन को औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के पैमाने से परख कर मासिक आंकड़ा जारी करता है।

---

## विनोद बाबू माहेश्वरी का महाप्रयाण

### हिन्दी पत्रकारिता व साहित्य क्षेत्र के युग पुरुष का शोकपूर्ण बिछोह



दोपहर संवाददाता । मुंबई

नागपुर स्थित नव भारत समूह के चेयरमैन एवं मीडिया जगत की जानीमानी हस्ती विनोद माहेश्वरी का सोमवार सुबह मुंबई में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। माहेश्वरी परिवार के करीबी व्यक्ति ने बताया कि विनोद माहेश्वरी का स्वास्थ्य पिछले पांच दिन से ठीक नहीं था। शनिवार को उन्हें विमान से मुंबई लाया गया था, जहां सोमवार सुबह उन्होंने अंतिम श्वांस ली।

### सीएम-राज्यपाल ने जताया शोक

राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन और राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विनोद बाबू के निधन पर गहरा शोक जताते हुए अपनी शोकसंवेदनाएं व्यक्त कीं। राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई स्थित अस्पताल में पार्थिव के दर्शन कर कहा कि उनके लिए विनोद बाबू के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने हमेशा विकासोन्मुख पत्रकारिता को प्राथमिकता दी।

### पत्रकारिता के 6 दशक

बीते 6 दशक से वे पत्रकार जगत में सक्रिय थे। उनकी पत्रकारिता सदैव 'पाठकों कीपाठकों द्वारा पाठकों के लिए' के त्रिसूत्रीय सिद्धांत पर केंद्रित रही। पत्रकारिता के माध्यम से उन्होंने न केवल जनता की मूलभूत सुविधा-सेवाओं पर जोर दिया बल्कि अपने पाठकों की छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान को स्थान दिया। उनकी विकासोन्मुखी विचारधारा व सुझाव ग्रामीण व शहरी विकास के लिए सिस्टम के सहायक भी रहे। सड़क परिवहन, रेलवे, विमानन सेवा की सुलभ व आसान पहुंच पर उनका हमेशा जोर रहा।

दो बजे दोपहर
मुंबई आसपास

# पात्र झोपड़पट्टीवासियों को फ्लैट आवंटित करने के बजाय खुले बाजार में फ्लैटों की बिक्री

## जनता दल (सेक्युलर) के महाराष्ट्र राज्य के कार्याध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बाजपेयी ने की अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग



दोपहर संवाददाता । मुंबई

झोपड़पट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण परियोजना के तहत झोपड़पट्टी के लिए बने फ्लैटों के डेवलपर कॉर्नी प्राइवेट लिमिटेड ने पात्र झोपड़पट्टीवासियों को फ्लैट देने के बजाय उन फ्लैटों को खुले बाजार में खरीदारों को ऊंचे दामों पर बेच दिया। हालांकि, सर्वेक्षण में यह जानकारी मिलने के बाद भी पिछले छह वर्षों से एसआरए द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बारे में जनता दल (सेक्युलर) के महाराष्ट्र राज्य के कार्याध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बाजपेयी ने झोपड़पट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण की आलोचना करते हुए इसे अहंकार का सबसे क्रूर प्रदर्शन बताया है।

### क्या है मामला ?

यह मामला अंधेरी पश्चिम में न्यू अंधेरी गिल्बर्ट हिल कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी का है। इस मामले में एसआरए, डेवलपर और सोसाइटी के अध्यक्ष ने माना कि झोपड़ियों के मालिकों को फ्लैटों की चाबियां नहीं दी गईं, लेकिन उन्होंने कहा कि डेवलपर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जनवरी 2020 में सहकारी समितियों के संयुक्त रजिस्ट्रार, एसआरए द्वारा सर्वेक्षण किया गया था। इसमें पता चला कि पात्र झोपड़ी मालिकों को निर्धारित समय के भीतर फ्लैटों का कब्जा नहीं मिला। बाजपेयी ने कहा कि बिल्डिंग नंबर 7 में 179 फ्लैट धारकों में से केवल 64 झोपड़ी धारक ही पात्र थे और अन्य अपात्र और नागरिकों को इस इमारत में फ्लैट दिए गए थे। एसआरए ने अपने ही विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण में इस गंभीर अनियमितता का खुलासा होने के बाद भी संबंधित डेवलपर के खिलाफ अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की है।बाजपेयी ने इसे एसआरए के अहंकार का एक विशिष्ट उदाहरण बताते हुए इसकी आलोचना की।

### छह वर्षों से एसआरए कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं पीड़ित

पिछले छह वर्षों से, ब्रिजेंद्र बिच्चन शर्मा इस इमारत में एक फ्लैट पाने के लिए एसआरए कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें बिल्डिंग नंबर 7 में फ्लैट नंबर 110 आवंटित किया गया था, लेकिन उन्हें अभी तक इसका कब्जा नहीं मिला है। 12 जुलाई, 2018 को एसआरए द्वारा निकाली गई लॉटरी में, शर्मा को लिखित रूप से सूचित किया गया था कि बिल्डिंग नंबर 7 में फ्लैट नंबर 110 उन्हें आवंटित किया गया था। लेकिन डेवलपर ने अभी तक उन्हें इस फ्लैट की चाबी नहीं दी है। जब उन्होंने एसआरए में शिकायत दर्ज की, तो जांच में पता चला कि किसी अन्य अनधिकृत व्यक्ति ने इस फ्लैट पर कब्जा कर लिया है। हालांकि, इस घटना के 6 साल बाद भी, एसआरए अभी भी घुसपैठिए को फ्लैट से बाहर निकालने में सफल नहीं हुआ है। इस मामले में एसआरए ने घुसपैठिए मोइनुद्दीन इमामुद्दीन शेख को 12 अगस्त 2021 को सुनवाई के लिए बुलाया था। उस समय इस फ्लैट नंबर 110 के दस्तावेजों से पता चला कि डेवलपर ने इसे उसके नाम पर किया था। सुरेंद्र कुमार बाजपेयी ने बताया कि इस चौंकाने वाली घटना के बावजूद एसआरए ने डेवलपर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

### डेवलपर्स और एसआरए अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग

महाराष्ट्र जनता दल की ओर से सुरेन्द्र कुमार बाजपेयी ने राज्य के गृह निर्माण मंत्री अतुल सावे से इस मामले में जांच समिति गठित कर संबंधित डेवलपर्स और एसआरए अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआरए अधिकारी डेवलपर के दलाल के रूप में काम कर रहे हैं। बाजपेयी ने इस प्रकार के कार्य में शामिल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में उचित जांच नहीं हुई तो जनता दल बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कार्रवाई की मांग करेगा। उन्होंने मांग की कि शर्मा को तुरंत फ्लैट नंबर 110 की चाबी दी जाए और घुसपैठिए को तुरंत बेदखल किया जाए। उन्होंने मांग की कि इस परियोजना में अन्य इमारतों का भी इसी तरह सर्वेक्षण किया जाना चाहिए और० जांच की जानी चाहिए कि कितने अनधिकृत घुसपैठियों ने घुसपैठ की है और पात्र व्यक्तियों के अधिकारों को छीना है। साथ ही जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीलेश कंटारिया ने एसएए योजना को रद्द करने की मांग की है क्योंकि एसआरए परियोजनाओं का लाभ आम नागरिकों के बजाय केवल अमीर डेवलपर्स और झोपड़पट्टी के दादाओं को मिल रहा है। महाराष्ट्र जनता दल के 0सचिव अकबर शेख ने आरोप लगाया कि पात्र में से 95 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय के हैं और यहां चल रही अराजकता योजना के प्रति उदासीनता को दर्शाती है।



# 'शिक्षक और क्लासमेट मेरी मौत के जिम्मेदार'

## छात्र ने सुसाइड नोट में लगाए गंभीर आरोप

दोपहर संवाददाता । कल्याण

कल्याण में कक्षा 8 के एक छात्र ने कथित तौर पर स्कूल में प्रताड़ित किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। 13 साल के नाबालिग छात्र ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें छात्र ने आत्महत्या के लिए शिक्षक और अपने कुछ क्लासमेट्स को दोषी ठहराया है। पुलिस ने बताया कि नाबालिग छात्र कल्याण ईस्ट के एक बड़े स्कूल में पढ़ता था। रविवार शाम को वह अपने घर पर मृत पाया गया।



### घटना के समय घर पर मौजूद नहीं था परिवार

जब छात्र ने आत्महत्या का कदम उठाया तो उस समय परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। कल्याण पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# मुंह पर मास्क पहनकर तीन लुटेरों ने इलेक्ट्रीशियन को लूटा

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के कारीवाली गांव में होटल से भोजन कर घर लौट रहे एक इलेक्ट्रीशियन को तीन अज्ञात लुटेरों ने मुंह पर मास्क पहन कर लूट लिया है। उक्त घटना में अज्ञात लुटेरों ने मोबाइल फोन व नगद रूपये सहित कुल 15 हजार रूपये का सामान लूट कर फरार हो गए है। भोईवाड़ा पुलिस ने इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय हलीमुद्दीन मोइनुद्दीन मलिक की शिकायत पर तीन अज्ञात लुटेरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309(6),3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के कारीवली गांव निवासी इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय हलीमुद्दीन मोइनुद्दीन मलिक 40 वर्ष रविवार की रात 3 बजे अल्फा होटल से भोजन कर अपने घर लौट रहे थे और जैसे ही वे अल्फा मेडिकल के पास पहुंचे तभी वहां अंधेरे में छुपे तीन अज्ञात लुटेरों ने अचानक अलीमुद्दीन मालिक को पकड़ लिया और उनके खिसे में रखा 10 हजार नगद रूपये और 5000 का मोबाईल फोन छीन लिया। शिकायतकर्ता ने जब उनका विरोध करना चाहा तो तीनों लुटेरों ने उन्हें जमीन पर पटक कर मारना शुरू कर दिया। इसके बाद तीनों



अज्ञात लुटेरे फरार हो गए हैं। इनकी तलाश पुलिस कर रही है। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक योगेश गायकर कर रहे है।

# पराजय के डर से लाडली बहन योजना का विरोध कर रहे उद्धव ठाकरे: चंद्रशेखर बावनकुले

एजेंसी । मुंबई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य सरकार की 'मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना' को मिल रही प्रचंड लोकप्रियता के देखते हुए उद्धव ठाकरे को विधानसभा चुनाव में पराजय का डर सताने लगा है। इसी वजह से वे इस योजना की आलोचना कर उसे बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं।





### 'मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना' की पहली किस्त 17 अगस्त को

प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले सोमवार को मुंबई में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। बावनकुले ने कहा कि इस योजना से महिलाएं खुश हैं और इस योजना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए महिला मोर्चा की ओर से उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को राज्यभर की 25 लाख महिलाएं रक्षाबंधन के दिन राखी भेजेंगी। उन्होंने बताया कि 'मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना' की पहली किस्त 17 अगस्त को महिलाओं के खाते में जमा हो जाएगी। बावनकुले ने कहा कि यह स्थायी योजना है और इस योजना के माध्यम से पूरे परिवार को सुरक्षा कवच प्राप्त होगा। इस योजना के बारे में दुष्प्रचार कर उद्धव ठाकरे ने महिलाओं को गुमराह करने की कोशिश की है। करोड़पति के घर जन्मे व्यक्ति को इस योजना की कीमत समझ में नहीं आएगी। महिलाओं के लिए लाभकारी योजना का मजाक उड़ाकर उद्धव ठाकरे ने अपना वैचारिक दिवालियापन उजागर किया है।

# निर्माण स्थल पर एक व्यक्ति की ईंटें गिरने से मौत

दोपहर संवाददाता । अंबरनाथ




अंबरनाथ में एक एक निर्माण स्थल पर 48 वर्षीय एक व्यक्ति के ऊपर सीमेंट की ईंटें गिरने से उसकी मौत हो गई। यह घटना शनिवार को अंबरनाथ इलाके के एक औद्योगिक क्षेत्र में हुई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को अंबरनाथ इलाके के एक औद्योगिक क्षेत्र में हुई जब वसंत कुशाभा साठे सीमेंट की ईंटें पहुंचाने के लिए ट्रक से निर्माण स्थल पर आया था। अंबरनाथ पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही वह सामग्री उतारने के लिए ट्रक से उतरा तो निर्माण स्थल पर लगी लिफ्ट से कुछ ईंटें उसके ऊपर गिर गईं जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

# बाप बेटे पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के शांतिनगर पुलिस स्टेशन में एक बाप और बेटे के खिलाफ अनुसूचित जाति का अपमान करने व उनके साथ मारपीट करने पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसकी जांच पूर्व विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, वेताल पाड़ा निवासी लक्ष्मण पारू शेलकंदे 48 वर्ष ने दोपहर ढाई बजे के दरमियान स्वयं अपनी यश किराना दुकान के सामने अपनी मोटर साईकिल पार्क की थी। उक्त मोटर साईकिल पार्क करने को लेकर उसी इलाके रहने वाले मोहन मोरे व उनका बेटा रोहित मोहन मोरे ने किराना दुकान के सामने खड़ी बाईक को धकेल कर जमीन पर गिर दिया और लक्ष्मण पारू शेलकंदे को गाली गलौज करते हुए उनके नीची जाति का होने का अपमान किया। उन्होंने कहा कि तुम नीची जाति के लोग जंगल में जा कर रहो, तुम लोग यहां रहने के लायक नहीं हो। इसके बाद पिता मोहन मोरे ने पास पड़ा बांबू उठा कर उन्हें बाएं पैर पर मारा। इसके साथ ही रोहित मोरे ने भी उन्हें मारना शुरू कर दिया। इस प्रकरण में शांतिनगर पुलिस ने लक्ष्मण पारू शेलकंदे की शिकायत पर मोहन मोरे और रोहित मोहन मोरे के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट की धारा सहित बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन से नियमित और अतिरिक्त लोकल यात्राएं शुरू करने की मांग

## केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर सांसद सुरेश म्हात्रे ने सौंपा ज्ञापन

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन से नियमित लोकल ट्रेन की सुविधा न होने से यहां आने जाने वालों का समय व पैसा दोनों बर्बाद होता है। इसलिए जनसुविधा हेतु यहां से नियमित व अतिरिक्त लोकल सेवा शुरू करने की मांग सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने केंद्रीय रेलवे मंत्रालय से की है। उक्त रेलसेवा शुरू होने पर शहर व ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को यातायात की समस्या से निजात मिलेगी।

### क्या है ज्ञापन में ?



भिवंडी के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को दिए ज्ञापन में बताया है कि भिवंडी एशिया की सबसे बड़ी पावरलूम नगरी होने के साथ यहां सबसे बड़ा गोदाम हब भी है। गोदामों में नौकरी करने व कपड़े का व्यवसाय करने के लिए यहां व्यापारियों का रोजाना दूसरे शहरों से आना जाना होता है।साथ बड़े तादात में यहां के छात्र दूसरे शहरों में पढ़ाई करने के लिए जाते है।लेकिन यहां से आवागमन के लिए लोकल ट्रेन की व्यवस्था न होने के कारण लोगो को न सिर्फ कई घंटे ट्रैफिक में बीतने से समय बर्बाद होता है।बल्कि आर्थिक नुकसान भी झेलनी पड़ती है।यात्रियों की असुविधा को देखते हुए भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन से नियमित और अतिरिक्त लोकल सेवा हेतु इस मार्ग का सर्वेक्षण कर इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट सेवाएं शुरू करने की मांग की है।ज्ञापन में उन्होंने बताया था कि यदि छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से हर घंटे एक लोकल ट्रेन वाया कोपर होकर चलेगी तो जनता की न सिर्फ तकलीफ दूर होगी,बल्कि रेलवे विभाग की आय में भी वृद्धि होगी।


# भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी पाणी पुरवठा विभाग

ई- निविदा सुचना क्रमांक 17 सन 2024 - 2025 (पहिल्यांदा प्रसिध्द)

खालील काम करण्याकरीता सक्षम व अनुभवी ठेकेदारांकडून ई-निविदा मागविण्यात येत आहे.

| अ.क्र. | कामाचा स्वरुप / अंदाजित खर्च / निविदा फॉर्म फी | निविदा विक्री व स्विकारण्याची अंतिम दिनांक |
|---|---|---|
| १ | वॉर्ड क्र.01 मध्ये म्हाडा कॉलनी ईशात अ कुराण मस्जिद, जितू किराणा श्रीवास्तव गल्ली, लता किराणा अविता किराणा तसेच न्यु रिगल मेडीकल या ठिकाणी 225 एम एम व्यासाची ड्रेनेज लाईन टाकणेबाबत.. **अंदाजपत्रकीय रक्कम** रु. ४८३६७७/- **फॉर्म फि. रु.२३६०/-** | दि. 13/08/2024 ते दि. 20/08/2024 |
| | सदर निविदा बाबतची माहिती मनपा संकेतस्थळावर mahatenders.gov.in वर दि. 13/08/2024 पासुन उपलब्ध आहे. | |

हस्ता.
प्र. कार्यकारी अभियंता (पा.पु.वि.)
भिवंडी नि. शहर महानगरपालिका, भिवंडी.


# दस मिनट की देरी और 52 हजार कीमत की सिगरेट गायब

दोपहर संवाददाता । भिवंडी



भिवंडी के नारपोली पुलिस स्टेशन अंतर्गत पलक झपकते ही एक व्यक्ति की बाइक पर रखा 52 हजार रूपये कीमत की सिगरेट चोरी हो गई है। इस प्रकरण में नारपोली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार शांतिनगर इलाके के न्यु आजाद नगर निवासी ब्रिजेश शिवपूजन कुशवाह 48 वर्ष जो रोज की तरह अपनी मोटर साइकिल पर सिगरेट की डिलेवरी करने निकले थे। शनिवार को सुबह 11.40 बजे उन्हेंने अपनी स्पलेंडर मोटर साइकिल पूर्णा बस स्टॉप के पास मोनिष बार अंड रेस्टोरेंस के सामने खड़ी कर सिगरेट की डिलेवरी करने गए तभी 11.50 बजे उनकी बाईक पर 52 हजार रूपये मूल के विभिन्न कंपनी की सिगरेट से भरा थैला किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर फरार हो गया है। नारपोली पुलिस ने ब्रिजेश शिवपूजन कुशवाह की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर चोर की तलाश कर रही है। मामले की जांच पुलिस नाईक सायखिंडिकर कर रहे है।

# महाराष्ट्र में बनेंगे ऊदबिलाव, गिद्ध और जंगली भैंसा प्रजनन केंद्र

एजेंसी । मुंबई



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक में राज्य में दुर्लभ पौधों के संरक्षण और संरक्षण पर जोर देने का निर्देश देते हुए ऊदबिलाव (otter), गिद्ध और जंगली भैंस के प्रजनन केंद्र को मंजूरी दे दी। वर्षा निवास पर हुई वन्यजीव बोर्ड की बैठक में मुख्यमंत्री जंगली जानवरों के संरक्षण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही जंगली जानवरों के हमले से जारे गए व्यक्ति के परिवार को एक सदस्य को वन श्रमिक के रूप में समायोजित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री शिंदे ने सोमवार को बैठक के दौरान सर्पदंश से मरने वाले खेतिहर मजदूरों को गोपीनाथ मुंडे किसान दुर्घटना बीमा के माध्यम से लाभ प्रदान करने और सर्पदंश का तत्काल इलाज कराने के लिए 'क्लिनिक ऑन व्हील्स' पहल शुरू करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर पेंच में ऊदबिलाव, नासिक में गिद्ध और गडचिरोली में जंगली भैंसा प्रजनन केंद्र स्थापित करने पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये केन्द्र दुर्लभ वन्य जीवों के संरक्षण के लिए उपयोगी होंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मानव और जंगली जानवरों के बीच संघर्ष में जंगली जानवरों के हमले से जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार के एक सदस्य को वन विभाग में वन श्रमिक के पद पर शामिल किया जाए। साथ ही गांवों में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नष्ट करने पर तत्काल प्रतिक्रिया स्वरूप टीम की नियुक्ति करते हुए वनपाटिल को भी नियुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बांस लगाने का लक्ष्य बताते हुए वन विभाग को राज्य में दुर्लभ पौधों के संरक्षण के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया। सातारा जिले के जावली जंगल में 500 प्रकार के दुर्लभ पौधे होने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री ने वहां एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र शुरू करने का निर्देश दिया।

# गोवंडी में युवक की निर्मम हत्या

## तीन नाबालिग हिरासत में

दोपहर संवाददाता | मुंबई

गोवंडी में बीती रात तीन नाबालिग युवकों ने मिलकर एक युवक की निर्मम हत्या कर दी। शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन की टीम ने इस मामले में तीनों नाबालिग को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह में भेज दिया है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

### तीनों नाबालिगों के साथ मृतक की होते रहती थी नोंक-झोंक




पुलिस के अनुसार इस घटना में मृतक मोहम्मद सईद पठान (18 साल) गोवंडी में रहता था और तीनों नाबालिगों के साथ उसकी नोंक-झोंक होते रहती थी। इसी खुंदक में तीनों नाबालिगों ने मिलकर मोहम्मद की रविवार को देर रात धारदार हथियार से हत्या कर दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और घायलावस्था में मोहम्मद को तत्काल राजावाड़ी अस्पताल में पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने मोहम्मद को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने सोमवार को तड़के तीनों नाबालिगों को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह में भेज दिया है।

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है : सेसिल बी. डेमिल

**न्यूज़ ब्रीफ**

### विधानसभा चुनाव से पहले शरद पवार को तगड़ा झटका

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एनसीपी (शरद पवार गुट) को तगड़ा झटका लगा है। शरद पवार की पार्टी के बड़े नेता माणिकराव सोनवलकर ने राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सोनवलकर सतारा के दिग्गज नेता हैं और उन्होंने भाजपा का साथ देने का रास्ता चुना है। सोनवलकर के साथ उनके 5 हजार कार्यकर्ता भी आज भाजपा में शामिल हो गए हैं।

# महिलाओं को अश्लील वीडियो भेजने वाला गिरफ्तार

## अब तक 30 महिलाओं को बनाया शिकार

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई पुलिस ने महिलाओं को अश्लील वीडियो भेजने और गंदी बात करने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मुंबई में हलवा पराठा बेचता है। वह फोन पर ऐसी महिला की तलाश करता था, जो उसके साथ संबंध बनाने के लिए राजी हो जाए। इस सनक में वह बिना सोचे समझे 10 नंबर का फोन नंबर डायल करता था। अगर फोन पर महिला मिल जाती तो उसे वह उससे अश्लील बातें करता था। फिर वह महिलाओं को अश्लील वीडियोज और फोटो भेजता था। इसके बाद भी वह बार-बार महिला को फोन कर संबंध बनाने की डिमांड करता था। इस घिनौनी करतूत के लिए वह ऐसे वाई-वाई नेटवर्क का इस्तेमाल करता था, जिससे पहचान छिप जाए। आखिर एक दिन वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जब पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की जांच की तो पाया कि आरोपी ने करीब 30 महिलाओं को आपत्तिजनक वीडियो क्लिप भेजकर परेशान किया है।

### जून में महिला ने दर्ज कराई थी आरोपी के खिलाफ शिकायत



निर्मल नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्रीमंत शिंदे ने सोमवार को बताया कि महिलाओं को अश्लील वीडियो भेजकर परेशान करने का आरोपी मोहम्मद अजीज निसार खान (36) उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। गांव में उसकी पत्नी और दो बच्चे भी हैं। वह एक दोस्त के साथ बांद्रा (पूर्व) के बेहरामपाड़ा में किराये पर रहता है। अजीज निसार खान के खिलाफ पुलिस को जून में शिकायत मिली थी। 14 जून को उसने एक 30 साल की महिला को फोन किया। फोन उठाते ही निसार ने अश्लील बातें शुरू कर दीं। महिला ने गुस्से से फोन काट दिया। थोड़े देर बाद उसने अश्लील वीडियो क्लिप और फोटो भेजा। पहले तो महिला ने इसे इग्नोर किया। जब आरोपी ने वॉट्सऐप पर गंदे फोटो की झड़ी लगा दी, उसने पति को इसके बारे में जानकारी दी। दंपति ने निर्मल नगर पुलिस स्टेशन पहुंचकर जून में शिकायत दर्ज कराई। सीनियर इंस्पेक्टर श्रीमंत शिंदे ने इंस्पेक्टर रऊफ शेख को इसकी जांच सौंप दी। श्रीमंत शिंदे ने बताया कि आरोपित युवक बार-बार मोबाइल सिम बदल रहा था लेकिन रविवार को काल ट्रेसिंग से बांद्रा स्थित बेहराम नगर में उसके ठिकाने का पता चला। इसलिए बीती रात उसे बांद्रा स्थित बेहराम नगर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसका का मोबाइल फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

### ओपन वाई-फाई नेटवर्क से भेजता था अश्लील वीडियो क्लिप

पुलिस दो महीने तक फोन नंबर के जरिये जांच में जुटी रही। अक्सर सिम कार्ड बंद ही रहता था। एक बार लोकेशन मिलने पर जांच टीम ने उसे ट्रेस कर लिया। पुलिस की टीम उस पर आठ दिनों तक नजर गड़ाए रही। शुक्रवार को अजीज निसार खान बांद्रा के बेहरामपाड़ा से पकड़ा गया। उसके पास से दो मोबाइल फोन मिले। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी निसार ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं था मगर गैजेटस के बारे में उसे अच्छी जानकारी थी। महिलाओं को टारगेट करने के लिए उसने अलग से सिम कार्ड ले रखा था। जब भी उसे ओपन वाई-फाई नेटवर्क मिलता था, तब ही वह सिम को मोबाइल फोन में डालकर वॉट्सऐप कॉल करता था। फिर उसी वाई-फाई के कनेक्शन से अश्लील तस्वीरें भी भेजता था। इसके बाद वह फिर फोन बंद कर लेता था। जब पुलिस जांच करती थी, तब जांच वाई-फाई राउटर के मालिक तक ही अटक जाती थी। उसने अपने वॉट्सऐप डीपी में दूसरी महिला की तस्वीर लगा रखी थी।

# वर्सोवा विधानसभा में शानदार रही कांग्रेस की न्याय यात्रा

## फरहान आजमी ने किया वर्षा गायकवाड का सम्मान

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़ के नेतृत्व में कल वर्सोवा विधानसभा में न्याय यात्रा निकाली गई। डॉ आंबेडकर चौक से प्रारंभ हुई यह न्याय यात्रा बहराम बाग नाका पर समाप्त हुई। न्याय यात्रा में जिस तरह से हजारों की संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भाग लिया, उसे देखकर वर्षा गायकवाड़ खुश नजर आईं। न्याय यात्रा के दौरान अखिल भारतीय अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा युवा कांग्रेसी नेता फरहान आजमी द्वारा मोहब्बत की दुकान नाम से लगाई गई गाड़ियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन गाड़ियों के माध्यम से रैली में शामिल लोगों को शीतल पेय पिलाया गया।



### हजारों की संख्या में अल्पसंख्यक विभाग के लोग शामिल

डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक से आरंभ न्याय यात्रा में बहराम बाग नाका आते-आते हजारों की संख्या में अल्पसंख्यक विभाग के लोग शामिल हो गए। श्री आजमी ने वर्षा गायकवाड का शानदार स्वागत किया। उनके स्वागत से गदगद वर्षा गायकवाड़ ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर कांग्रेस की ताकत को वापस लाना है। न्याय यात्रा के दौरान वर्षा गायकवाड़ के साथ जिला अध्यक्ष क्लाइव डायस, प्रभारी डॉ किशोर सिंह, अल्पसंख्यक विभाग के मुंबई के अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाई जान सिकंदर आजम गफूर खान जय गुप्ता के अलावा जिले के सभी बेसिक कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस तथा अल्पसंख्यक विभाग के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

वृक्ष प्राधिकरण

- सार्वजनिक सूचना-

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में परिमंडल-6 के अंदर न विभाग से 01 प्रस्ताव और टी विभाग से 01 यानी **कुल 2** प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए मनपा आयुक्त/अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी)/ की मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के **www.mcgm.gov.in** वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका-गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण-वृक्ष प्राधिकरण-712 सार्वजनिक सूचना 7 दिन पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सुझाव आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए।

उसी तरह आप अपनी आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में **dysg.ta@mcgm.gov.in** ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय पर पेश की गई आपत्तियों/सुझाव पर विचार किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सुझाव और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई 21/08/2024 के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को 4.30 से 5.00 बजे के दरम्यान किया जाएगा। जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं वे उपस्थित रह सकते है वे ई-मेल, सुझाव/आपत्तियों की एक प्रति के साथ।

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण के वृक्ष अधिकारी**
पेग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रोड,
भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
दूरभाष क्रमांक-022-23742162
ईमेल-**dysg.ta@mcgm.gov.in**

**हस्ता.**
**उद्यान अधीक्षक**
**एवं वृक्ष अधिकारी**

पीआरओ/917/विज्ञा./2024-25

**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**

### शीना बोरा हत्याकांड

# इंद्राणी मुखर्जी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ा झटका



## बॉम्बे हाईकोर्ट ने इंद्राणी मुखर्जी को भारत से विदेशी बैंकिंग का प्रबंधन करने का सुझाव दिया, यात्रा प्रतिबंध बढ़ाया

**मुंबई।** शीना बोरा हत्याकांड की मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनकी विदेश यात्रा की अपील पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर बैंक का काम भारत से हो सकता है तो करा लें। न्यायमूर्ति एससी चांडक की एकल पीठ ने कहा कि अगर काम वास्तविक और प्रामाणिक है और इसके लिए इंद्राणी मुखर्जी की स्पेन और यूके में शारीरिक उपस्थिति की आवश्यकता है, तो सीबीआई उन देशों की उनकी यात्रा पर विचार क र सकती है। पीठ ने इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की अनुमति मांगते समय विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष दायर आवेदन में बताए गए काम के अलावा और कोई काम न जोड़ने के लिए भी आगाह किया।

बता दें कि 19 जुलाई को एक विशेष सीबीआई अदालत ने इंद्राणी मुखर्जी को अगले तीन महीनों के लिए बीच-बीच में 10 दिनों के लिए एक बार यूरोप (स्पेन और यूके) की यात्रा करने की अनुमति दी थी। उन्होंने पीटर मुखर्जी से तलाक के बाद दावा करते हुए यात्रा की अनुमति मांगी थी कि उन्हें बैंक से जुड़े कुछ दस्तावेजों और अन्य सहायक कार्यों में बदलाव करने की जरूरत है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। वहीं पिछले महीने उच्च न्यायालय ने विशेष अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

सोमवार को सीबीआई के अधिवक्ता श्रीराम शिरसाट ने अदालत को बताया कि एजेंसी ने ब्रिटेन और स्पेन के बैंकों से पुष्टि की है और इंद्राणी मुखर्जी को जो भुगतान करने की जरूरत है, वह ऑनलाइन किया जा सकता है और इसलिए उन्हें यात्रा करने की जरूरत नहीं है। हालांकि इंद्राणी मुखर्जी के अधिवक्ता रंजीत सांगले ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन भुगतान करने से पहले स्पेन में अपने बंद पड़े बैंक खातों को चालू करना होगा। सांगले ने इंद्राणी मुखर्जी की तरफ से स्पेन के दूतावास को लिखे गए पत्र का भी हवाला दिया, जिसमें उन्होंने उस काम का जिक्र किया था, जो उन्हें करना था।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग
कस्तूरबा अस्पताल
साने गुरुजी मार्ग, मुंबई-400011
नं.एचओ/4213/केएच तारीख 12/08/2024

ई-निविदा सूचना

नीचे दिए गए कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा चिकित्सा अधीक्षक कस्तूरबा अस्पताल द्वारा बीएमसी के आयुक्त की ओर से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | बोली क्र. | आईटम का नाम | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2024_एमसीजीएम_1067321_1 | लेप्टोस्पाइरा रियल टाइम पीसीआर एम्पलीफिकेशन/डिटेक्शन किट (सीई/ आईवीडी) की ई-टेंडर खरीद को मंजूरी दी गई। पीसीआर के लिए कस्तूरबा अस्पताल में पैथोलॉजी प्रयोगशाला। | मात्रा के बिल के अनुसार |

बोली शुरूः 13/08/2024 को सुबह 10.00 बजे बोली समाप्तिः 19/08/2024 को शाम 04.00 बजे

संपर्क अधिकारी डॉ. चंद्रकांत पी पवार, चिकित्सा अधीक्षक - कस्तूरबा अस्पताल

दूरभाष संख्या 022-23027769 ईमेल ms01kasturba phd@mcgm.gov.in

ई-निविदा दस्तावेजों के अनुसार ई-निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए। ई-निविदा दस्तावेज महाटेंडर पोर्टल https://mahatenders.gov.in/ पर उपलब्ध हैं।

हस्ता/-
चिकित्सा अधीक्षक
कस्तूरबा अस्पताल

पीआरओ/922/विज्ञा./2024-25

**समय पर निदान, बचाएं प्राण**

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
E- TENDER NOTICE NO. 17 FOR 2024-2025

Online E- Tenders in B-1 form for the following work are invited by the Executive Engineer, Presidency Division, PWD, 2nd floor Bandhakam Bhavan, 25 Murzban Road, Fort, Mumbai-400 001 (Tel. N22016975/22016977) from experienced agencies. Right to reject/accept of all or one tender is reserved by the undersigned.

| Sr.No | Name of Work | Amt Rs. |
|---|---|---|
| 1 | Repairing and Renovation of Maharashtra State Khadi & Village Industries Board, Fort, Mumbai. | 2,54,03,283/- |

Issued Date : 13.8.2024 to 21.8.2024

Prebid Meeting : 16.8.2024 (Office Of the Chief Engineer,4th floor Bandhakam Bhavan, 25 , Murzban Road, Fort, Mumbai-400 001 Time 3.00 PM )

Opening Date : 22.8.2024

All the corrigendum/Changes pertain to notice will not published in news papers , that will published in e tendering process.
All the detail Information is available on following websites
1) www.mahapwd.com
2 ) www.mahatenders.gov.in

No.PD/ TC/ 11275
Office of the Executive Engineer,
Presidency Division, P.W.D., 2nd floor,
Bandhakam Bhavan, 25, Murzban Road,
Presidency Division, Mumbai.
Fort, Mumbai 400 001
Email : presidency.ee@mahapwd.gov.in
Date : 08/08/2024

Sd./-
(V. A. Pataskar)
Executive Engineer
Presidency Division Mumbai.

DGIPR-2024-25/1879

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | निदेशक (चिड़ियाघर) का कार्यालय, वी. जे. बी. बॉटनिकल उद्यान -चिड़ियाघर, भायखला, (ई) |
| बोली संख्या | 2024_एमसीजीएम_1069170_1 |
| विषय | वी.जे.बी.बी.उद्यान एवं चिड़ियाघर, भायखला (ई.) में पशुओं के लिए हरी घास और ल्यूसर्न घास की आपूर्ति। |
| सभी ई-निविदाओं का सेवा शुल्क (ऑनलाइन) | रु.6000/+रु.1080/-(18%जीएसटी)=रु.7080 |
| ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि और समय | 13/08/2024 को सुबह 11.00 बजे से 19/08/2024 को दोपहर 12.00 बजे |
| पैकेट ए, बी, सी (ऑनलाइन) जमा करना ई-टेंडर की अंतिम तिथि और समय | 19/08/2024 को दोपहर 03.00 बजे |
| ई टेंडर के लिए ए और बी फोल्डर खोलना | 20/08/2024 को शाम को 04.00 बजे |
| ई-निविदाओं के लिए बयाना राशि जमा | रु.87100/-(ऑनलाइन) 13/08/2024 को सुबह 11.00 बजे से 19/08/2024 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क | डॉ. कोमल वी. रौल, डीवाई. अधी. (वेट) चिड़ियाघर मोबाइल नं- 9867117411 /022-23772414 / dysupzoo@mcgm.gov.in |
| | एम.सी.जी.एम. आयुक्त के आदेशानुसार |
| | ई-टेंडरिंग के लिए उपर्युक्त वेबसाइट पर निविदा सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें। |

हस्ता/
निदेशक (चिड़ियाघर)

पीआरओ/931/विज्ञा./2024-25

**समय पर निदान, बचाएं प्राण**

संपादकीय

## हमदर्दी भी है दवा

गाहे-बगाहे सख्त फैसलों से नीति-नियंताओं को आईना दिखाने वाले देश के मुख्य न्यायाधीश आम आदमी के प्रति कितने गंभीर और संवेदनशील हैं, बीते शनिवार उनकी टिप्पणी से यह उजागर हुआ। चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित चिकित्सा व शोध संस्थान पीजीआई के 37वें दीक्षांत समारोह में उन्होंने जो कहा वह पूरी चिकित्सा बिरादरी के लिये आत्ममंथन को बाध्य करता है। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले युवा डॉक्टरों से कहा कि उनके लिये मरीज सिर्फ एक केस नहीं हो सकता। मरीजों को आपके स्नेह व दयालुता की उतनी ही आवश्यकता है, जितनी कि चिकित्सा पेश की आपकी विशेषज्ञता की। उन्होंने चिकित्सा के पेशे में आने वाले युवा डॉक्टरों से कहा कि वे मरीजों के साथ स्नेह का रिश्ता बनाएं ताकि वे अपना दर्द-रोग खुलकर बता सकें। उन्होंने बॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का उल्लेख इस संदर्भ में किया कि फिल्म का नायक संवेदना, सहजता व प्रेरक शब्दों के जरिये मरीजों का उपचार करता था। इस तरह जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों को चिकित्सा पेशे में निहित सहानुभूति से उपचार के महत्व का अहसास कराया। उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि कैसे मुन्ना भाई बच्चों के वार्ड में बीमारी से जूझ रहे बच्चों को 'जादू की झप्पी' से भला-चंगा करने का अभिनव प्रयास करते थे। उन्होंने युवा डॉक्टरों से मरीजों के साथ संवेदनशील व अपनेपन का रिश्ता बनाने की बात कही। जिसका मनोवैज्ञानिक रूप से मरीजों के उपचार में सकारात्मक प्रभाव नजर आता है। इन तथ्यों को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में भी स्वीकार किया जाता है। निश्चित रूप से मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने चिकित्सा बिरादरी को इस पवित्र पेशे के सनातन मूल्यों से रूबरू कराया। उन्होंने इस बात का अहसास कराया कि एक मरीज के लिये मीठे व हमदर्दी के बोल उपचार का भी काम करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने न्यायिक व्यवस्था के वास्तविक लक्ष्यों का भी जिक्र किया। जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों से कहा कि कानून व चिकित्सकों का पेशा एक जैसा ही है। जैसे किसी वादी को न्याय देने के लिये हमें जांच रिपोर्ट और साक्ष्यों की जरूरत होती है, उसी तरह चिकित्सा के पेशे में मरीज की जांच रिपोर्ट सही उपचार में निर्णायक होती है। लेकिन इन दोनों पेशों का अंतिम मकसद जनता की सेवा ही है। दोनों व्यवसायों में आम आदमी के साथ न्याय व कल्याणकारी उपचार हेतु ही कार्य किया जाना चाहिए। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत के मुखिया ने बेहद सहजता व साफगोई से चिकित्सा पेशे के मर्म व पेशागत मूल्यों से नवोदित चिकित्सकों का साक्षात्कार कराया। निस्संदेह, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता व हमदर्दी की इसी सोच के चलते डॉक्टरों को दूसरा भगवान भी कहा जाता है। इस विश्वास का घोर व्यावसायिक कारणों से क्षरण महसूस किया जाता रहा है। यह भी हकीकत है कि पीजीआई जैसे चिकित्सा संस्थानों में कई राज्यों के मरीजों के भारी दबाव का चिकित्सकों की कार्यशैली पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन पेशागत अहसासों के चलते मरीज उनसे मधुर व हमदर्दी के व्यवहार की उम्मीद हरदम करते हैं। जिसका जस्टिस चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन के जरिये बखूबी अहसास कराया है।

शख्सियत | रोमेश चंद्र दत्त

## आर्थिक विचारक और लेखक



रोमेश चंद्र दत्त को गांधी-पूर्वयुग का राष्ट्रीय नेता माना जाता है और वह दादाभाई नौरोजी और न्यायमूर्ति रानाडे के समकालीन थे। आर.सी दत्त के नाम से बेहतर जाने जाने वाले, वह एक सिविल सेवक, एक राजनीतिक और आर्थिक विचारक एवं लेखक, एक बंगाली साहित्य व्यक्तित्व थे, वह अपने प्रोफेशनल और साहित्यिक करियर दोनों के लिए प्रसिद्ध हैं।

रोमेश चंद्र दत्त का जन्म 13 अगस्त, 1848 को कलकत्ता में एक ऐसे परिवार में हुआ था जो पहले से ही अपनी शैक्षणिक और साहित्यिक उपलब्धियों के लिए प्रसिद्ध था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कलकत्ता और जिलों के बंगाली स्कूलों में हुई। उन्होंने 1866 में प्रेसीडेंसी कॉलेज से कलकत्ता विश्वविद्यालय की प्रथम कला परीक्षा उत्तीर्ण की, योग्यता के क्रम में दूसरे स्थान पर रहे और छात्रवृत्ति जीती। जबकि अभी भी बी.ए. का छात्र था। वे 1868 में इंग्लैंड चले गए और भारतीय सिविल सेवा के लिए अर्हता प्राप्त की। दत्त ने 1871 में भारतीय सिविल सेवा और भारतीय सार्वजनिक जीवन में एक उत्कृष्ट करियर शुरू किया। उड़ीसा के आयुक्त के रूप में कार्य करते हुए वे 1897 में 49 वर्ष की अपेक्षाकृत कम उम्र में भारतीय सिविल सेवा से सेवानिवृत्त हुए। एक सिविल सेवक के रूप में उनके काम की लेफ्टिनेंट गवर्नर और गवर्नर-जनरलों सहित सभी क्षेत्रों से प्रशंसा हुई। उनके करियर का एक अधिक उपयोगी हिस्सा उनकी सेवानिवृत्ति के बाद शुरू हुआ, जब वे अपना समय पूरी तरह से सार्वजनिक गतिविधियों और लेखन में समर्पित करने के लिए स्वतंत्र हो गए। उनका सबसे बड़ा काम 1901 में 'प्रारंभिक ब्रिटिश शासन के तहत भारत, 1757 - 1837 और 1902 में 'विक्टोरियन युग में भारत का आर्थिक इतिहास' के प्रकाशन के साथ हुआ। भूमि राजस्व पर थीसिस प्रसिद्ध 'खुले पत्रों' में दोहराया गया था, जिसका लॉर्ड कर्जन की सरकार ने 1902 के प्रस्ताव में आधिकारिक उत्तर दिया था। 30 नवंबर 1909 में 61 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

# 2024 के ढाका में फिर उपजा 1975 का भयावह मंज़र

वर्ष 1974 में रोनेन सेन उस वक्त युवा थे, जब बतौर राजनयिक वे ढाका (पूर्व में डाका) में नियुक्त हुए, मुक्ति संग्राम से प्राप्त आजादी अभी नई-नई थी और जननायक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रहरी मुजीब-उर-रहमान का शासन था। एक साल के भीतर–15 अगस्त की अलसुबह राजधानी के बीचोंबीच धानमोंडी स्थित घर में, सबसे छोटे बेटे 10 वर्षीय रसेल सहित पूरे परिवार को खत्म कर दिया गया (यादगार स्मारक बना दिए गये उस घर में मैं कई बार गई हूं, वहां सीढ़ियों पर खून के धुंधलाते धब्बों की याद है, जो शायद मौत से बचने के प्रयासों के दौरान परिवार के सदस्यों के होंगे, प्रतीकात्मक रूप से देखा जाए तो ये बांग्लादेश के उथल-पुथल भरे इतिहास की भी गवाही देते हैं)। जिस प्रकार सेन वह वाक्या बयान करते हैं, जिज्ञासा जगाने वाली अपनी विशेषता के साथ, कि कैसे ढाका से दिल्ली तक, उस सुबह इंदिरा गांधी को मुजीब की हत्या की खबर पहुंचाई जा सकी थी –इसमें लगभग तमाम किस्म के परिवहन साधनों का इस्तेमाल करना पड़ा, जिसमें शायद मोटरसाइकिल भी होगी– और जब सूचना उन तक पहुंची तो उस वक्त वे लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन देने के वास्ते सीढ़ियां चढ़ रही थीं। मुजीब दुनिया से जा चुके थे, साथ ही एक युवा राष्ट्र को आगे ले जाने के वादे की भी क्रूर मौत हुई। सेन कहते हैं, उस अजीब सुबह को याद करते वक्त आज भी उन पलों के अहसास से सराबोर हो जाता हूं। 49 साल पहले हुई इन जघन्य हत्याओं के पीछे कौन-सी शक्तियां थीं? और पिछले सप्ताह की 'क्रांति' का जिम्मेवार कौन? अब जबकि हम भारत में आज़ादी की



एक और वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं, बांग्लादेश का परिदृश्य न केवल 1975 की खटास भरी यादों से भरा है बल्कि भावी नियति के रंगों से भी रंजित है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के तहत 17 सदस्यीय अंतरिम सरकार ने शपथ ग्रहण कर ली है, ऐसी खबरें हैं कि सीमाओं पर सीमा सुरक्षा बल थलीय रास्तों से भारत में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशियों को रोक रहा है। कदाचित भाजपा दुविधा में है -क्या इन्हें आने दिया जाए, क्योंकि ज्यादा वक्त नहीं हुआ जब गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें 'दीमक' करार दिया था या फिर जैसा कि असम और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मांग करते आए हैं, बिल्कुल भी अनुमति न दी जाए। तो क्या केवल बांग्लादेशी हिंदू स्वीकार्य होंगे– सनद रहे सीएए कानून केवल दक्षिण एशियाई अल्पसंख्यकों पर लागू होता है– या फिर भारत धर्म-निरपेक्ष आवामी लीग पार्टी के लोगों सहित तमाम बांग्लादेशियों के लिए अपने दरवाज़े खोल दे। कहा जा रहा है कि ऐसे लोग हवाई अड्डे के इर्द-गिर्द इस उम्मीद में छिपे हुए हैं ताकि मौका पाते ही, तेजी

**ज्योति मल्होत्रा**

से हवाई जहाज पकड़कर सुरक्षित निकल पाएं। रोनेन सेन की तरह अहसास भरी कुछ यादों के लिए 49 साल पीछे जाने की जरूरत नहीं है। बहुतों को केवल तीन साल पहले का एक और 15 अगस्त याद होगा, जब अफगानिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति अशरफ गनी अपने तीन निकटतम सहयोगियों और नोटों से भरे सूटकेसों सहित काबुल से भागे थे –वे सहयोगी तब से पश्चिमी जगत के विभिन्न मुल्कों में रह रहे हैं और खुद अशरफ गनी अबू धाबी में मजे में दिन गुजार रहे हैं। बांग्लादेश मामले की भांति, भारत ने अफगानियों के लिए भी अपना दरवाजा मजबूती से बंद किए रखा था– उन्हें अभी भी अनुमति नहीं है। शेख हसीना से समानता वहीं समाप्त होती है। उन्हें बांग्लादेश से निकलकर हिंडन वायुसेना अड्डे पर उतरे 7 दिन हो चले हैं, लेकिन अभी भी ब्रिटेन सरकार द्वारा राजनीतिक शरण दिए जाने का अनुमति संदेश पाने की बाट जोह रही हैं। शायद यूके वालों को आगे अमेरिका की हां का इंतजार हो –सबको पता है कि हसीना और अमेरिका के बीच कभी नहीं बनी और अमेरिकी-ब्रितानी सरकारों के बीच रिश्ते हर स्तर पर बहुत पक्के हैं– पूरी संभावना है कि हसीना के इस इंतजार के पीछे अमेरिकियों से मिलने वाले संदेश की देरी हो। यहां कमाल की विडंबना यह होगी कि यदि हसीना को लंदन प्रवास की इज़ाजत मिल जाती है तो वे बांग्लादेश के एक अन्य निर्वासित की जगह भरेंगी, जो वहां पिछले 15 सालों से अधिक समय से रह रहा है और शायद जल्द ही वतन वापसी करे –वह है बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी की मुखिया खालिदा ज़िया का बेटा तारिक रहमान, जिसे टीनो के नाम से भी जाना जाता है। खालिदा ज़िया खुद पूर्व प्रधानमंत्री और इससे पहले सैन्य तानाशाह रहे जनरल जिया-उर-रहमान की पत्नी हैं। एक बार जब टीनो की ढाका वापसी हुई, जिसकी उम्मीद बहुत जल्द है, तो पर्दे के पीछे शक्ति केंद्र वही होंगे। अगले कुछ हफ्ते देखने के लिहाज से रोचक होंगे –अवश्य ही हर किसी की नज़र होगी कि मुख्य सलाहकार यूनुस और बांग्लादेश सेना के बीच रिश्ता किस ढंग का बनता है। उम्मीद है सेनाध्यक्ष जनरल वकार-उज़-ज़मान इस महीने दिल्ली यात्रा पर आएंगे– यह जल्द से जल्द हो, इसके लिए भारत को जोर लगाना चाहिए। अब हमें पता चल चुका कि शेख हसीना के देश छोड़ने से 48 घंटे पहले, अमेरिका में बसे उनके बेटे ने उन्हें यह करने को मनाया –शायद इस विषय में उन्होंने अपनी बहन रेहाना की सलाहों को भी खारिज कर दिया– तिस पर सैन्य अधिकारियों ने आंदोलनकारी छात्रों के हुजूम पर गोली न चलाने का फैसला लिया। बांग्लादेश में, नेताओं की बजाय जनता के प्रति वफादारी निभाने की रिवायत सेना में रही है, उसने फिर से यही किया –आज़ादी की लड़ाई में हजारों सैनिकों ने अपनी जान न्योछावर की थी– जबकि राजसत्ता का साथ देकर शक्ति पाने का लालच बहुत बड़ा होता है। अब जबकि मोदी सरकार दक्षिण एशियाई मुल्कों से संबंधों का पुनर्निधारण करने की प्रक्रिया में है, इस घड़ी उस अवश्य खुद से सवाल करना चाहिए कि 'पड़ोसी सर्वप्रथम' नीति का स्वरूप वास्तव में होना क्या चाहिए– विशेषकर इस आशंका के मद्देनजर कि पाकिस्तान की आईएसआई अब बंगाल की खाड़ी में खुलकर अठखेलियों का आनंद लेगी। सच तो यह है कि रूस या अमेरिका या चीन से संबंधों की बनिस्बत भारतीय उपमहाद्वीप का मामला अलग है, क्योंकि पड़ोसी मुल्कों से भारत के रिश्तों की सांझ सांस्कृतिक, धार्मिक, जातीय, भाषाई स्तर पर बहुत गहरी है –इनमें हरेक आपस में इतने गुंथे हुए हैं जिससे लगता है कि सीमा के उस तरफ का माहौल ठीक वही है जो अपने घर की दहलीज से पार है। इसलिए हरेक से निरंतर संवाद बनाए रखना नितांत जरूरी है, उनके समेत जिन्हें आप पसंद नहीं करते– या खासतौर पर वे, जिन्हें आप नापसंद हैं– ताकि पता चलता रहे कि जो कुछ वे करते हैं, उसके पीछे क्या, कब और कौन-सी सोच है। यह भी उतना ही सच है कि भारत ने बांग्लादेश के पिछले दो आम चुनावों को लेकर अमेरिका की तीखी आलोचना के बावजूद शेख हसीना की मदद अंतिम समय तक जारी रखी। लेकिन जब स्थितियां बिगड़ने लगी तो प्रधानमंत्री मोदी या विदेश मंत्री एस जयशंकर को चाहिए था कि शेख हसीना से बात कर, उन्हें 'अपनत्व वाली सलाह' देते, जैसा कि प्रणब मुखर्जी किया करते थे।

सहज योग

## निराकार में परमात्मा से एकाकार



**मेरा आज विचार था कि काफी विषय पर मैं कह सकूंगी, लेकिन मैं जानती हूं कि यह विषय अत्यन्त विषद सागर की तरह, और अनेक ध्यान की क्लास में मैंने लोगों को बताया है। इतना ही नहीं जो लोग Realized है।**

एक मां है जो बच्चे की कोई चीज बिगड़ी देखती है, तो उससे वो बताती है तो किसी का विरोध नहीं करती है। तुम्हारी अबोधिता में, सादगी में गर तुम्हारा कुछ बिगाड़ हो जाए, तो उसको हम बैठे हुए हैं उसे ठीक करने के लिए। लेकिन पहले ही इस तरह की बात सोच लेना ये कौन सी आर्तता है? यह कौन सी मां है? गुरु का आज, गुरु पूर्णिमा का आज दिवस है और सहजयोग का पूर्णवर्णन विषद रूप से करना इतने छोटे समय में सम्भव नहीं। मेरा आज विचार था कि काफी विषय पर मैं कह सकूंगी लेकिन मैं जानती हूं कि यह विषय अत्यन्त विषद सागर की तरह, और अनेक ध्यान की क्लास में मैंने लोगों को बताया है। इतना ही नहीं जो लोग Realized है। उस स्तर पर आ गए हैं कि इस बात को समझें क्योंकि उनके हाथ से वो प्रवाह निकल रहा है, वो आनन्द लहरियां बह रही हैं, वो प्रेम की लहरियां बह रही है जिससे वो समझ सकते हैं कि Collective Consciousness क्या है, सामूहिक चेतना क्या है। इसको भी समझना चाहिए कि ये कौन सी चीज है। अभी बहुत से लोग आपमें ऐसे भी होंगे जो मेरी ओर हाथ करके बैठें तो आपके अन्दर ऐसा लगेगा कि जैसे हाथ थरथरा रहें हैं, कंपकंपा रहे हैं। आपको ऐसा लगेगा और मुझसे लोग कहेंगे ये Vibrations आ रहे हैं। ये Vibrations नहीं हैं। वो तो आप हमारे विरोध में हैं, आपमें कोई चीज हमारा विरोध कर रही है पूरा समय ये जो हम प्यार आपको दे रहे हैं उसके विरोध में थरथरा रहे हैं। ये आप हमारे विरोध में खड़े हैं इस लिए आप थरथरा रहे हैं, वो Vibration नहीं हैं और Vibration तो तभी हम मानते हैं जिस वक्त आपके सहस्रार का चलना रुक जाए। कबीर दास जी ने कहा है कि शिखर पर अनहद बाजे रे शिखर पर अनहद की आवाज आती है, माने हृदय में जो स्पन्दन है वैसी आवाज आने लगती है। ये तो हुई जब तक टूटा नहीं, जब टूटने पर सारी ही आवाज टूट करके, आप परमात्मा से एकाकार हो जाते हैं तब न कोई आवाज आती है, न कोई चीज दिखाई देती है, न कोई चीज दृश्यमान होती है। बहुत से लोग कहते हैं कि हमें दिव्यदृष्टि है, हमें दिव्य फैलाना है। ये सब किसलिए? दृष्टि से क्या होता है? दृष्टि से क्या मिलने वाला है? दृष्टि से ही गर सब कुछ मिलने वाला होता तो फिर खोज काहे की? इस दृष्टि से मिलने वाला वो नहीं और इस कान से सुनने वाला वो नहीं है। किन्तु इसको जानना है अन्दर से, जिसने उसे अन्दर से जाना है वही उसे समझ सकता है। दृष्टि से तो बहुतों को दिखाई देते हैं, बड़े बड़े करिश्में दिखाई देते हैं, बड़े बड़े लोगों को चित्र दिखाई देते हैं। मुझे बहुत से लोग आकर बताते हैं कि उसको चमत्कार हैं। मैं कहती हूं बेटे उससे परे रहो। यह सब परलोक, सब मरी हुई चीजें हैं। इससे परे परमात्मा एक अनुभव है ये एक अनुभव है। इससे परे परमात्मा है, इसे छोड़िए यह सब कुछ छोड़कर निराकार में जब आप एकाकार परमात्मा से होंगे तब इन सब चीजों का अर्थ बनेगा जो साकार बनी बैठी है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा

अल्फ्रेड हिचकॉक : जन्म- 13 अगस्त, 1899 | जन्म

**अल्फ्रेड हिचकॉक का जन्म 13 अगस्त 1899 को पूर्वी लंदन में हुआ था। वह अंग्रेजी फिल्म निर्देशक और निर्माता थे। उन्हें सिनेमा के इतिहास में सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में से एक माना जाता है। हिचकॉक की मृत्यु 29 अप्रैल 1980 में कैलिफ़ोर्निया, यू.एस में हुई।**

## शब्द साहित्य का उच्चतम रूप है




मैं एक लेखक हूं और इसलिए स्वचालित रूप से एक संदिग्ध चरित्र हूं। नाटक जीवन है, जिसमें नीरस अंशों को काट दिया जाता है। यदि यह एक अच्छी फिल्म है, तो ध्वनि बंद हो सकती है और दर्शकों को अभी भी स्पष्ट रूप से पता चल जाएगा कि क्या चल रहा है। फिल्म की लंबाई सीधे तौर पर मानव मूत्राशय की सहनशक्ति से संबंधित होनी चाहिए। मेरे लिए सिनेमा जीवन का टुकड़ा नहीं, बल्कि केक का टुकड़ा है। खलनायक जितना सफल होगा, चित्र भी उतना ही सफल होगा। फीचर फिल्मों में निर्देशक भगवान होता है; डॉक्युमेंट्री फिल्मों में भगवान ही निर्देशक होता है। जब कोई अभिनेता मेरे पास आता है और अपने किरदार के बारे में चर्चा करना चाहता है, तो मैं कहता हूं, 'यह स्क्रिप्ट में है।' यदि वह कहता है, 'लेकिन मेरी प्रेरणा क्या है?,' तो मैं कहता हूं, 'आपका वेतन।' उन्हें खुशी दें, वही खुशी जो उन्हें तब होती है जब वे किसी बुरे सपने से जागते हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि सभी अभिनेता मवेशी हैं। मैंने जो कहा वह यह था कि सभी अभिनेताओं के साथ मवेशियों जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। एक अच्छी फिल्म तब होती है जब रात्रिभोज की कीमत, थिएटर में प्रवेश और दाई की कीमत इसके लायक हो। मेरे डर से छुटकारा पाने का एकमात्र तरीका उनके बारे में फिल्में बनाना है। मैं हमेशा चीज़ों को ऐसे देखने की कोशिश करता हूं मानो मैं उन्हें तीन साल बाद याद कर रहा हूं। तर्क से भी अधिक महत्वपूर्ण कुछ है: कल्पना। विचार हर चीज़ से आते हैं। शब्द साहित्य का उच्चतम रूप है।

प्रेरक प्रसंग

## एक कप कॉफ़ी

जापान के टोक्यो शहर के निकट एक कस्बा अपनी खुशहाली के लिए प्रसिद्द था । एक बार एक व्यक्ति उस कसबे की खुशहाली का कारण जानने के लिए सुबह -सुबह वहाँ पहुंचा । कस्बे में घुसते ही उसे एक कॉफ़ी -शॉप दिखायी दी। उसने मन ही मन सोचा कि मैं यहाँ बैठ कर चुप -चाप लोगों को देखता हूँ , और वह धीरे -धीरे आगे बढ़ते हुए शॉप के अंदर लगी एक कुर्सी पर जा कर बैठ गया । कॉफ़ी-शॉप शहर के रेस्टोरेंटस की तरह ही थी , पर वहाँ उसे लोगों का व्यवहार कुछ अजीब लगा । एक आदमी शॉप में आया और उसने दो कॉफ़ी के पैसे देते हुए कहा , " दो कप कॉफ़ी , एक मेरे लिए और एक उस दीवार पर। " व्यक्ति दीवार की तरफ देखने लगा लेकिन उसे वहाँ कोई नज़र नहीं आया , पर फिर भी उस आदमी को कॉफ़ी देने के बाद वेटर दीवार के पास गया और उस पर कागज़ का एक टुकड़ा चिपका दिया , जिसपर "एक कप कॉफ़ी " लिखा था । व्यक्ति समझ नहीं पाया कि आखिर माजरा क्या है । उसने सोचा कि कुछ देर और बैठता हूँ , और समझने की कोशिश करता हूँ । थोड़ी देर बाद एक गरीब मजदूर वहाँ आया , उसके कपड़े फटे -पुराने थे पर फिर भी वह पुरे आत्म -विश्वास के साथ शॉप में घुसा और आराम से एक कुर्सी पर बैठ गया । व्यक्ति सोच रहा था कि एक मजदूर के लिए कॉफ़ी पर इतने पैसे बर्वाद करना कोई समझदारी नहीं है तभी वेटर मजदूर के पास आर्डर लेने पंहुचा ।
" सर , आपका आर्डर प्लीज !", वेटर बोला । " दीवार से एक कप कॉफ़ी ।" , मजदूर ने जवाब दिया । वेटर ने मजदूर से बिना पैसे लिए एक कप कॉफ़ी दी और दीवार पर लगी ढेर सारे कागज के टुकड़ों में से "एक कप कॉफ़ी " लिखा एक टुकड़ा निकाल कर डस्टबिन में फेंक दिया । व्यक्ति को अब सारी बात समझ आ गयी थी । कसबे के लोगों का ज़रूरतमंदों के प्रति यह रवैया देखकर वह भाव-विभोर हो गया उसे लगा , सचमुच लोगों ने मद-द का कितना अच्छा तरीका निकाला है जहां एक गरीब मजदूर भी बिना अपना आत्मसम्मान कम किये एक अच्छी सी कॉफ़ी -शॉप में खाने -पीने का आनंद ले सकता है । अब वह कसबे की खुशहाली का कारण जान चुका था और इन्ही विचारों के साथ वापस अपने शहर लौट गया।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## रामायण के वानर योद्धाओं का महत्व

रामायण में कई वानर योद्धा थे जिन्होंने भगवान राम की सेना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहाँ कुछ प्रमुख वानर योद्धाओं के नाम हैं:

1. हनुमान - वानरों के सेनापति और भगवान राम के सबसे विश्वसनीय सेवक।
2. सुग्रीव - वानरों के राजा और भगवान राम के मित्र।
3. वाली - सुग्रीव का भाई और एक शक्तिशाली वानर योद्धा।
4. अंगद - वाली और सुग्रीव का पुत्र और एक बहादुर वानर योद्धा।
5. नील - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और सुग्रीव के मित्र।
6. नल - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और नील के भाई।
7. मैन्द - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और सुग्रीव के मित्र।
8. द्विविद - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और सुग्रीव के मित्र।
9. सुषेण - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण



योद्धा और सुग्रीव के मित्र।
10. केसरी - हनुमान के पिता और एक शक्तिशाली वानर योद्धा।
11. जाम्बवान् - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और सुग्रीव के मित्र।
12. ज्योतिर्मुख ।
13. दधिमुख।
14. गज।
15. गवाक्ष। 16. गवय। 17. हर।
18. पनस। 19. शरभ। 20. रम्भा
21. श्वेत। 22. शतबलि। 23. प्रमाथी।
24. क्रथन। 25. संनादन। 26. दम्भ।
27. धूम्र -- यह रीछ था।
28. तार। 29. क्रोधन।

ये सभी वो वानर हैं जो श्रीराम की सेना में थे और प्रत्येक वानर के भीतर १०,००० से अधिक हाथियों का बल था
सुग्रीव के भीतर --७०,००० हाथियों का बल था।
जाम्बवान के भीतर १ लाख १० हजार हाथियों का बल था।
नल के भीतर ३०,००० और नील के भीतर ४०,००० हाथियों का बल था।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



जन्म तिथि 13 अगस्त से 19 अगस्त तक

# द ग्रेट वुमन

नीलम रामअवध

इस लेख में हम उन महिलाओं के बारे में बताएंगे, जिन्होंने कई उपलब्धियां हासिल कर समाज के लिए अपना अहम योगदान दिया है। ये उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं जो अकेले अपने दम पर अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं।

## सुभद्रा कुमारी चौहान



कवियित्री

जन्म- 16 अगस्त 1904, प्रयागराज जिला, उत्तर प्रदेश
निधन- 15 फरवरी1948

सुभद्रा कुमारी चौहान एक भारतीय कवियित्री थीं। चौहान ने हिंदी कविता में कई लोकप्रिय रचनाएँ लिखीं। उनकी सबसे प्रसिद्ध रचना झाँसी की रानी है, जो रानी लक्ष्मी बाई के जीवन का वर्णन करने वाली एक भावनात्मक रूप से आवेशित कविता है।यह कविता हिंदी साहित्य में सबसे अधिक पढ़ी और गाई जाने वाली कविताओं में से एक है। मध्य प्रदेश सरकार ने जबलपुर के नगर निगम कार्यालय के सामने सुभद्रा कुमारी चौहान की एक प्रतिमा स्थापित की।6 अगस्त 1976 को, भारतीय डाक ने उनकी स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया।16 अगस्त 2021 को, गूगल ने सुभद्रा कुमारी की 117वीं जयंती पर डूडल बनाकर उन्हें याद किया।

## विजया लक्ष्मी पंडित



राजनयिक और राजनीतिज्ञ

जन्म-18 अगस्त 1900, प्रयागराज
निधन-1 दिसंबर 1990

विजया लक्ष्मी पंडित एक भारतीय राजनयिक और राजनीतिज्ञ थीं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। एक प्रमुख राजनीतिक परिवार से आने वाली, उनके भाई जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री थे, उनकी भतीजी इंदिरा गांधी भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं और उनके पोते राजीव गांधी भारत के छठे प्रधानमंत्री थे। पंडित को सोवियत संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र में नेहरू के दूत के रूप में सेवा देने के बाद भारत के सबसे महत्वपूर्ण राजनयिक के रूप में लंदन भेजा गया था। लंदन में उनका समय भारत-ब्रिटिश संबंधों में बदलावों के व्यापक संदर्भ में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। उनका उच्चायुक्त पद अंतर-सरकारी संबंधों का एक सूक्ष्म जगत था।

## लावण्या राजमणि



वकील, लेखिका और प्रोफेसर

जन्म
19 अगस्त 1973

लावण्या राजमणि एक भारतीय वकील, लेखिका और प्रोफेसर हैं, जिनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कानून, पर्यावरण कानून और नीति है।वह वर्तमान में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के विधि संकाय में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण कानून की प्रोफेसर हैं, सेंट पीटर्स कॉलेज, ऑक्सफोर्ड में सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय कानून में यमनी फेलो हैं और सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च में विजिटिंग प्रोफेसर हैं। वह नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी की पहली रोड्स स्कॉलर थीं। और नीदरलैंड में हेग एकेडमी ऑफ इंटरनेशनल लॉ में सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय कानून में पाठ्यक्रम पेश करने के लिए आमंत्रित होने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय शिक्षाविद हैं।

## ताओ पोर्चन-लिंच



योग गुरु और लेखिका

जन्म- 13 अगस्त 1918, पांडिचेरी

ताओ पोर्चन-लिंच एक अमेरिकी योग गुरु और फ्रेंच और भारतीय मूल की पुरस्कार विजेता लेखिका हैं। उन्होंने 1926 में भारत में आठ साल की उम्र में योग की खोज की और श्री अरबिंदो, बी.के.एस. अयंगर, के. पट्टाभि जोइस, स्वामी प्रभवानंद और महर्षि महेश योगी के साथ योग का अध्ययन किया।101 वर्ष की आयु में, वह न्यूयॉर्क में एक साप्ताहिक कक्षा पढ़ाती हैं और दुनिया भर में कार्यक्रमों का नेतृत्व करती हैं।वह दो पुस्तकों की लेखिका हैं, जिनमें उनकी आत्मकथा, डांसिंग लाइटः द स्पिरिचुअल साइड ऑफ़ बीइंग थ्रू द आईज़ ऑफ़ ए मॉडर्न योगा मास्टर शामिल है, जिसने 2016 आईपीपीवाई पुरस्कार और तीन 2016 अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक पुरस्कार जीते।

## सुनिधि चौहान



गायिका

जन्म-14 अगस्त 1983, नई दिल्ली

सुनिधि चौहान एक प्रसिद्ध भारतीय गायिका हैं। सुनिधि ने छोटी उम्र में ही गाना शुरू कर दिया था और अपनी दमदार आवाज़ से लोकप्रियता हासिल की। उन्होंने बॉलीवुड फ़िल्मों में कई हिट गाने गाए हैं और अपने अभिनय के लिए कई पुरस्कार जीते हैं। उनके कुछ प्रसिद्ध गानों में ₹शीला की जवानी₹ और बीड़ी जलाइले₹ शामिल हैं। सुनिधि अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं, जो तेज़ डांस नंबर से लेकर भावपूर्ण धुनों तक सब कुछ गाती हैं। उनके ऊर्जावान प्रदर्शन और दमदार आवाज़ ने उन्हें भारतीय संगीत उद्योग में सबसे सम्मानित गायकों में से एक बना दिया है।

## शांता गोखले



लेखिका, अनुवादक, पत्रकार

जन्म-14 अगस्त 1939, दहानू

शांता गोखलेएक भारतीय लेखिका, अनुवादक, पत्रकार और रंगमंच समीक्षक हैं। वह अपनी कृतियों रीता वेलिंकर और त्या वर्षी के लिए जानी जाती हैं।शांता गोखले इससे पहले एल्फिन्स्टन कॉलेज में अंशकालिक शिक्षिका के रूप में और ग्लैक्सो लैबोरेटरीज में जनसंपर्क अधिकारी के रूप में काम कर चुकी हैं। गोखले की रंगमंच की यात्रा लंदन में अपनी पढ़ाई के दौरान अंग्रेजी साहित्य और रंगमंच के अध्ययन से शुरू हुई। बंबई लौटने के तुरंत बाद, उनकी सत्यदेव दुबे से अच्छी दोस्ती हो गई। वह उनके थिएटर रिहर्सल में शामिल होती थीं और उन्हें नाटक निर्देशित करते हुए देखती थीं, जिनमें से कुछ नाटक गिरीश कर्नाड जैसे नए लेखकों ने लिखे थे।एक अनुवादक के रूप में उन्होंने वरिष्ठ अभिनेत्री दुर्गा खोटे की प्रसिद्ध आत्मकथा पर काम किया है और महेश एलकुंचवार, विजय तेंदुलकर, जी.पी. देशपांडे और सतीश अलेकर जैसे प्रमुख मराठी नाटककारों के कई नाटकों के अनुवाद प्रकाशित किए हैं।

## भार्गवी प्रभंजन राव



अनुवादक

जन्म-14 अगस्त 1944, बेल्लारी, मद्रास प्रेसीडेंसी, निधन- 23 मई 2008

भार्गवी प्रभंजन राव, साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता, तेलुगु साहित्य में एक प्रख्यात अनुवादक थीं। वे लेखक और नाटककार गिरीश कर्नाड की विभिन्न कृतियों के अनुवाद में सक्रिय रूप से शामिल थीं। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृतियों में नूरेला पंटा शामिल है, जो बीसवीं सदी की महिला लेखकों की सौ लघु कथाओं का संकलन है। गिरीश कर्नाड के नाटक तालेदंडा के उनके अनुवाद ने उन्हें 1995 में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिलाया। वह पीएस तेलुगु विश्वविद्यालय पुरस्कार (1999), साख्य साहित्य पुरस्कार (2000) और गृहलक्ष्मी पुरस्कार (2001) की भी प्राप्तकर्ता हैं।भार्गवी राव तेलुगु एसोसिएशन ऑफ़ नॉर्थ अमेरिका (TANA) और तेलुगु लिटरेरी एंड कल्चरल एसोसिएशन की सदस्य थीं23 मई 2008 को हैदराबाद में दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई।

## लिलियन मैरी पिकफोर्ड



न्यूरोएंडोक्राइनोलॉजिस्ट

जन्म- 14 अगस्त 1902, जबलपुर, मध्यप्रदेश
निधन- 14 अगस्त 2002

लिलियन मैरी पिकफोर्ड एफआरएस एफआरएसई एक अग्रणी ब्रिटिश न्यूरोएंडोक्राइनोलॉजिस्ट थीं।वह फार्माकोलॉजिकल सोसाइटी के लिए चुनी जाने वाली पहली महिला थीं और एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में मेडिकल प्रोफेसर के पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला थीं।1954 में उन्हें रॉयल सोसाइटी ऑफ एडिनबर्ग (FRSE) का फेलो चुना गया। उनके प्रस्तावक डेविड व्हिटरिज, जॉन गद्दम, रेजिनाल्ड पासमोर और फिलिप एग्लटन थे। 1966 में वह एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में फिजियोलॉजी की प्रोफेसर बनीं। 1966 में उन्हें रॉयल सोसाइटी का फेलो चुना गया। एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में फिजियोलॉजिस्ट मैरी पिकफोर्ड को पट्टिका 60 से अधिक पूर्ण शोधपत्रों और 13 पुस्तक अध्यायों के अलावा, पिकफोर्ड ने एक लोकप्रिय पुस्तक द सेंट्रल रोल ऑफ हॉर्मोन्स (1969) प्रकाशित की। पिकफोर्ड को 1991 में हेरियट-वाट विश्वविद्यालय से मानद डॉक्टरेट (DSc) की उपाधि मिली।

# बारिश के मौसम में स्किन को रखें हाइड्रेट



क्या आप चमकदार, हाइड्रेटेड त्वचा चाहते हैं जो अद्भुत लगे? अपनी त्वचा को हाइड्रेटेड रखना सिर्फ लोशन लगाने से नहीं है बल्किरोजाना की आदतों से है। पर्याप्त पानी पीने से लेकर रसीले फल खाने तक, आपकी त्वचा को बेहतर दिखने और महसूस करने के आसान तरीके हैं। छोटे-छोटे बदलाव भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अपनी त्वचा को हर दिन तरोताजा, मुलायम और खूबसूरती से हाइड्रेटेड रखने के लिए इन आसान टिप्स का पालन करें!

**1. खूब पानी पिएं**


अपनी त्वचा को हाइड्रेट रखने का सबसे आसान तरीका है खूब पानी पीना। दिन में 8 गिलास पानी पीने का लक्ष्य रखें। पानी आपके शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है और आपकी त्वचा को तरोताजा रखता है। अगर आप पर्याप्त पानी नहीं पीते हैं, तो आपकी त्वचा रूखी और बेजान हो सकती है।

**2. अच्छे मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें**

मॉइस्चराइज़र आपकी त्वचा में पानी को लॉक करने में मदद करते हैं। हर दिन मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें, खासकर चेहरा धोने या नहाने के बाद। अपनी त्वचा के प्रकार के हिसाब से मॉइस्चराइजर चुनें। बहुत रूखी त्वचा के लिए, आपको गाढ़ा, क्रीम-आधारित मॉइस्चराइजर की ज़रूरत हो सकती है। तैलीय त्वचा के लिए, हल्का, जेल-आधारित मॉइस्चराइजर अच्छा काम करता है।

**3. थोड़े समय के लिए गर्म पानी से नहाएं**

गर्म पानी से नहाने से आपकी त्वचा का



प्राकृतिक तेल निकल सकता है। इसके बजाय, थोड़े समय के लिए गर्म पानी से नहाएँ। इससे आपकी त्वचा में नमी बनी रहती है। नहाने के बाद, अपनी त्वचा को रगड़ने के बजाय तौलिए से थपथपाकर सुखाएँ। इससे आपकी त्वचा पर कुछ पानी बना रहता है।

**4. पानी से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं**

आप जो खाते हैं, उसका असर आपकी त्वचा की नमी पर भी पड़ता है। ऐसे खाद्य पदार्थ खाएं जिनमें बहुत सारा पानी हो। तरबूज, संतरे और स्ट्रॉबेरी जैसे फल बेहतरीन विकल्प



हैं। खीरे और अजवाइन जैसी सब्जियां भी आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए अच्छी होती हैं। ये खाद्य पदार्थ अंदर से नमी जोड़ने में मदद करते हैं।

**6. सौम्य क्लींजर चुनें**

हल्के, साबुन रहित क्लींजर का उपयोग करें। कठोर साबुन आपकी त्वचा से आवश्यक तेलों को हटा सकते हैं, जिससे यह रूखी हो जाती है। ₹हाइड्रेटिंग₹ या ₹मॉइस्चराइजिंग₹ लेबल वाले क्लींजर की तलाश करें।

# लिपस्टिक से जुड़ी गलतियों को आसानी से सुधारें



कभी-कभी लिपस्टिक लगाना मुश्किल हो सकता है और गलतियां हो जाती हैं। चाहे आपकी लिपस्टिक धुंधली हो जाए या रेखाओं से बाहर चली जाए, तनाव न लें! इन गलतियों को ठीक करने और अपने होंठों को बेहतर दिखाने के सरल तरीके हैं। कंसीलर से साफ करने या लिप लाइनर का इस्तेमाल करने जैसी कुछ आसान तरकीबों का इस्तेमाल करके आप लिपस्टिक से जुड़ी किसी भी गलती को जल्दी से ठीक कर सकते हैं। ये सरल उपाय आपकी लिपस्टिक को साफ और सुंदर बनाए रखने में मदद करेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए।

**1. कंसीलर से साफ करें :** अगर आपकी लिपस्टिक लाइन से बाहर चली जाती है, तो एक छोटे ब्रश और थोड़े कंसीलर का इस्तेमाल करें। अपने होठों के किनारों पर धीरे से कंसीलर लगाएं। यह किसी भी गलती को छिपा देगा और आपके होठों को साफ-सुथरा दिखाएगा। अपनी त्वचा से मैच करने के लिए कंसीलर को अच्छी तरह से ब्लेंड करें।

**2. कॉटन स्वैब का इस्तेमाल करें :** अगर गलती से आपके दांतों या मुंह के आसपास लिपस्टिक लग जाती है, तो उसे साफ करने के लिए कॉटन स्वैब का इस्तेमाल करें। बस उस जगह पर धीरे से स्वैब को रगड़ें जहां आपको अतिरिक्त लिपस्टिक हटाने की जरूरत है। यह आपके मेकअप को खराब किए बिना साफ करने में मदद करता है।

**3. टिश्यू से ब्लॉट करें :** अगर आपकी लिपस्टिक बहुत बोल्ड या स्मज्ड है, तो अपने होठों को टिश्यू से धीरे से ब्लॉट करें। इससे कुछ अतिरिक्त रंग हट जाएगा और यह और भी एक जैसा दिखेगा। बहुत ज्यादा हटाने से बचने के लिए हल्के से दबाएं।

**4. लिप लाइनर लगाएं :** अपनी लिपस्टिक को लाइन से बाहर जाने से रोकने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। लिपस्टिक लगाने से पहले अपने होठों के चारों ओर लिप लाइनर लगाएं। लाइनर एक बैरियर की तरह काम करता है, जिससे लिपस्टिक अपनी जगह पर बनी रहती है और साफ दिखती है।

**5. लिप ब्रश का इस्तेमाल करें :** अपनी लिपस्टिक को सीधे ट्यूब से लगाने के बजाय लिप ब्रश से लगाएं। ब्रश आपको ज़्यादा नियंत्रण देता है और रंग को अच्छी तरह से लगाने में मदद करता है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

**वृष** — स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा।

**मिथुन** — पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**कर्क** — घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी।

**सिंह** — प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे।

**कन्या** — दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी।

**तुला** — उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी।

**धनु** — अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर** — नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**कुंभ** — रुका धन मिलेगा। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

# ग्रह दोष के पूर्व संकेत


**भाग 1**

ग्रह अपना शुभाशुभ प्रभाव गोचर एवं दशा-अन्तर्दशा-प्रत्यन्तर्दशा में देते हैं। जिस ग्रह की दशा के प्रभाव में हम होते हैं, उसकी स्थिति के अनुसार शुभाशुभ फल हमें मिलता है।जब भी कोई ग्रह अपना शुभ या अशुभ फल प्रबल रुप में देने वाला होता है, तो वह कुछ संकेत पहले से ही देने लगता है । ऐसे ही कुछ पूर्व संकेतों का विवरण यहां दृष्टव्य है।

**सूर्य के अशुभ होने के पूर्व संकेत :** सूर्य अशुभ फल देने वाला हो, तो घर में रोशनी देने वाली वस्तुएं नष्ट होंगी या प्रकाश का स्रोत बंद होगा। जैसे–जलते हुए बल्ब का फ्यूज होना, तांबे की वस्तु खोना। किसी ऐसे स्थान पर स्थित रोशनदान का बंद होना, जिससे सूर्योदय से दोपहर तक सूर्य का प्रकाश प्रवेश करता हो। ऐसे रोशनदान के बंद होने के अनेक कारण हो सकते हैं । जैसे–अनजाने में उसमें कोई



सामान भर देना या किसी पक्षी के घोंसला बना लेने के कारण उसका बंद हो जाना आदि। सूर्य के कारकत्व से जुड़े विषयों के बारे में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सूर्य जन्म-कुण्डली में जिस भाव में होता है, उस भाव से जुड़े फलों की हानि करता है। यदि सूर्य पंचमेश, नवमेश हो तो पुत्र एवं पिता को कष्ट देता है। सूर्य लग्नेश हो,तो जातक को सिरदर्द, ज्वर एवं पित्त रोगों से पीड़ा मिलती है। मान-प्रतिष्ठा की हानि का सामना करना पड़ता है।




प्रियंका जैन
9769994439

**खबर संक्षेप**

### गिरिडीह में भाजपा नेताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**गिरिडीह।** भाजपा की तिरंगा यात्रा सोमवार को शहर में निकलाली गयी। पचंबा से निकली इस तिरंगा यात्रा में काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान तीन थानों की पुलिस सक्रिय रही। नगर थाना प्रभारी शैलेश कुमार के साथ मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और पचंबा थाना प्रभारी मंटू कुमार भी पुलिस जवानों के साथ सक्रिय दिखे और पचंबा इलाके से ही तिरंगा यात्रा को साथ लिए शहर में प्रवेश किया।

### बिहार को मिले विशेष राज्य का दर्जा: डा. शकील अहमद

**किशनगंज।** कांग्रेस जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में विधायक सह किशनगंज प्रभारी डा. शकील अहमद ने कहा कि डेवलपमेंट के इंडेक्स में बिहार पीछे है। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। तभी बिहार का विकास संभव है। बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग को लेकर बिहार के सभी जिलों में एक साथ प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि डिवाइड एंड रूल से राज्य व देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी विकास होना चाहिए। ग्रामीणों को गांव से शहर आने में काफी परेशानी होती है। गांव में पुल व पुलिया का निर्माण होना चाहिए।उन्होंने कहा कि बिहार में विधि व्यवस्था की स्थिति बेहतर नहीं है। दान की चीज पर अंकुश लगाना बेहतर नहीं है।

### विश्वविद्यालय में पहले दिन अनारक्षित संवर्ग के हुए 197 प्रवेश

**गोरखपुर।** गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में बी.ए. प्रथम वर्ष 2024-25 के प्रथम दिवस पर अनारक्षित संवर्ग से कुल 197 प्रवेश हुआ। बी.ए. ऑफलाइन में प्रवेश अत्यंत सुगमता से संपन्न हुआ। इस दौरान कुलसचिव प्रो. शान्तनु रस्तोगी एवं डीएसडब्ल्यू प्रो. अनुभूति दूबे ने प्रवेश स्थल पर पहुंच कर प्रवेशार्थियों से बातचीत की। प्रवेश सेल के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने प्रवेश स्थल दीक्षा भवन में निरीक्षण किया और प्रवेशार्थियों से बातचीत कर मनोबल बढाया। डीएसडब्ल्यू ऑफिस ने प्रवेशार्थियों के लिए हेल्प डेस्क भी लगाया, जहां से ज़रूरी सूचनाएं उन्हें दी गयी । प्रवेश स्थल पर केवल प्रवेशार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा था, जहाँ अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने में नियंता प्रो. सतीश चंद्र पाण्डेय पूरे समय मौजूद रहे।

# दरभंगा एम्स के लिए बिहार सरकार ने केंद्र को दी 150.13 एकड़ जमीन

### अब जल्द शुरू होगा निर्माण

एजेंसी । पटना

बिहार के दूसरे एम्स का निर्माण बहुत ही जल्द शुरू होने वाला है। इसका निर्माण दरभंगा के शोभन में होगा, जिसके लिए केंद्र की मंजूरी मिल चुकी है। इस निर्माण के लिए बिहार सरकार ने 150.13 एकड़ जमीन का हस्तांतरण कर दिया है। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शशांक शेखर सिन्हा ने एम्स के कार्यपालक निदेशक सह सीइओ माधवानंद कर को जमीन का दस्तावेज सौंपा।




#### मंत्री ने कहा एक कदम आगे बढ़े

स्वास्थ्य भवन में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में एम्स को जमीन का हस्तांतातरण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि एम्स, दरभंगा के निर्माण में एक कदम और आगे बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि बिहार में दूसरे एम्स की स्वीकृति प्रधानमंत्री ने 2019 के कैबिनट में दी थी। उस समय राज्य सरकार द्वारा बताया गया था कि राज्य सरकार इसके निर्माण के लिए कुल 180 एकड़ जमीन उपलब्ध करायेगी।

#### 37.31 एकड़ और जमीन कराई जाएगी उपलब्ध

मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि फिलहाल एम्स दरभंगा को 150.13 एकड़ जमीन दी जा रही है। इसके अलावा एम्स, दरभंगा को 37.31 एकड़ और जमीन उपलब्ध करायी जायेगी। एम्स के पास इस प्रकार से कुल 187.44 एकड़ जमीन होगी जिस पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रशासनिक भवन, अस्पताल भवन, ओपीडी, छात्रावास सहित अन्य निर्माण कराये जायेंगे।

#### कहां बनेगा अस्पताल?

दरभंगा में इस एम्स का निर्माण शोभन –एकमी बायपास के पास प्रस्तावित जमीन पर होना है। केंद्र सरकार की तकनीकी टीम ने जमीन का सर्वेक्षण कर इसे एम्स के निर्माण के लिए उपयुक्त बताया है। 2019 के कैबिनट में मंजूरी मिलने के बाद भी राजनीतिक परिदृश्य की वजह से इसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया था।

# यूपी में आठ आईएएस अफसरों के तबादले

### मोनिका एस गर्ग बनी एपीसी, देवेश चतुर्वेदी केंद्र के लिए किए गए कार्यमुक्त




**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। यूपी सरकार ने आठ आईएएस अफ़सरों के दायित्व में बदलाव किया है। इसके साथ ही देवेश चतुर्वेदी को केंद्र के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया है। उन्हें केंद्र में कृषि मंत्रालय में सचिव पद का दायित्व मिला है। मोनिका एस गर्ग को अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण के साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का चार्ज दिया गया है। एम देवराज को प्रमुख सचिव प्राविधिक व व्यावसायिक शिक्षा से नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग में तैनाती दी गई है। वीना कुमारी मीना से महिला कल्याण एवं बाल विकास का दायित्व हटाकर प्रमुख सचिव लीना ज़ौहरी को दिया गया है। उनके पास पूर्व के विभागों का दायित्व बना रहेगा। रवींद्र को प्रमुख सचिव पशुधन से प्रमुख सचिव कृषि बनाया गया है। के रविंद्र नायक को प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के साथ ही पशुधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आलोक कुमार को प्रमुख सचिव खेलकूद एवं युवा कल्याण व एमएसएमई के साथ प्राविधिक शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## पुलिस चौकी में दो महिलाओं ने पुलिस से की अभद्रता



**उरई।** उरई कोतवाली की डिप्टीगंज चौकी में दो महिलाओं ने एक सिपाही के साथ अभद्रता करते हुए उसका कॉलर पकड़ लिया। इतना ही नहीं सिपाही को जमकर गालियां दी। गाली-गलौज सुनकर चौकी में मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंची और उन्होंने अभद्रता करने वाली महिलाओं को बाहर करने का प्रयास किया। मगर महिलाओं द्वारा पुलिस कर्मियों से जमकर अभद्रता की गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो का संज्ञान लेने के बाद एसपी ने मामले की जांच उरई सीओ को दी है।

# नेपाल हाउस में लगी आग

### टेबल-कुर्सी समेत कई कागजात जलकर राख

**रांची।** राजधानी रांची के नेपाल हाउस के एक कमरे में आग लग गयी। इससे टेबल-कुर्सी समेत कई कागजात जलकर राख हो गए हैं। जानकारी के अनुसार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त सचिव अनिल प्रसाद के कमरे में आग लगी थी। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जाहिर की जा रही है। आग पर काबू पा लिया गया है।

#### नेपाल हाउस के दूसरे तल्ले पर लगी थी आग



रांची के नेपाल हाउस में सोमवार को आग लग गयी। नेपाल हाउस सचिवालय के दूसरे तल्ले के कमरा नंबर 211 में आग लगी थी। इसमें टेबल-कुर्सी समेत कई चीजें जल गयीं। झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त सचिव अनिल प्रसाद का ये कमरा है। कमरे से धुआं निकलते ही लोग दौड़े और फिर आग पर काबू पाया गया। झारखंड मंत्रालय में तीन दिनों से अवकाश था।

## सुभासपा का चुनाव चिह्न अब चाबी होगा

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का सिंबल बदल गया है। उपचुनाव से पहले राजभर ने छड़ी की जगह अब चाबी पकड़ ली है। सुभासपा की मीटिंग में चुनाव चिह्न को बदलने का फैसला लिया गया। साथ एक बार फिर ओम प्रकाश राजभर को सुभासपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। सोमवार को लखनऊ के रविंद्रालय में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक थी। बैठक में प्रदेशभर से पार्टी के कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था। मीटिंग में पहले नई कार्यकारिणी को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद यूपी विधानसभा उपचुनाव को लेकर पार्टी ने रणनीति तय करके कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में पार्टी के नए अध्यक्ष पर विचार विमर्श हुआ।

## दो नकाबपोश अपराधियों ने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक पर चलाई गोली

### 3 लाख लूटकर हुए फरार

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला अंतर्गत सरिया में दो नकाबपोश अपराधियों ने बैंक ऑफ इंडिया केसवारी के बीसी संचालक विश्वनाथ यादव को गोली मार दी और लगभग 3 लाख रुपए लेकर फरार हो गये।

#### बाइक में सवार हो कर आए थे बदमाश



जानकारी के मुताबिक दो नकाबपोश अपराधी बाइक पर सवार होकर बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र में पहुंचे और ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक पर गोली चला दी। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक के घायल हो जाने के बाद सेवा केंद्र से तीन लाख रुपये लूट कर फरार हो गए।

#### संचालक को मारी गोली


इस घटना में ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। लेकिन वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और मामले की छानबीन में जुट गई है।

# पूर्वी सिंहभूम में गजराज का आतंक

### वृद्ध महिला को पटक कर मार डाला

एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम

विश्व हाथी दिवस के अवसर पर एक तरफ वन विभाग झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित चाकुलिया में हाथियों के भोजन के लिए एक साथ एक लाख पौधे लगाने की तैयारी में जुटा था। वहीं दूसरी ओर जंगली हाथियों ने सुबह-सुबह एक वृद्ध सबर महिला की जान ले ली।



#### ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी

इस घटना के बाद गांव में आतंक का माहौल है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दे दी। इस दौरान वनपाल कल्याण महतो दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। महिला के शव को चाकुलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से चाकुलिया पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम करने के लिए घाटशिला भेज दिया है।

#### सुबह-सुबह हाथियों के झुंड ने बोला हमला

चाकुलिया स्थित भातकुंडा पंचायत की चियांबांधी में सोमवार की सुबह 6 हाथियों का झुंड आ पहुंचा। गांव की रतनी सबर उस दौरान शौच के लिए निकली थी। तभी जंगली हाथियों से उसकी मुठभेड़ हो गई। जंगली हाथियों ने रत्नी सबर को पटक कर मार डाला। गांव में हाथी आने की सूचना मिलने पर गांव में अफरा-तफरी मच गई। काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। काफी मशक्कत के बाद हाथियों को खदेड़ा गया।

## व्यापार जगत

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडाणी के 8 शेयर गिरे

### बाजार पर ज्यादा असर नहीं, सेंसेक्स 56 अंक गिरकर 79,648 पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग और सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच विवाद का बाजार पर कोई असर नहीं दिखा है। सेंसेक्स 56 अंक की मामूली गिरावट के साथ 79,648 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 20 अंक की गिरावट रही। ये 24,347 के स्तर पर बंद हुआ। अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में से 8 में गिरावट और 2 में तेजी रही। अडाणी विल्मर में सबसे ज्यादा 4.10% की गिरावट रही। टोटल गैस और एनर्जी सॉल्यूशंस में 3% से ज्यादा की गिरावट रही। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.61% टूटा। ग्रीन एनर्जी और अंबुजा सीमेंट में मामूली तेजी रही। हिंडनबर्ग ने शनिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि माधबी और उनके पति धवल बुच की अडाणी ग्रुप से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में हिस्सेदारी है। आरोप है कि इन फंड्स का इस्तेमाल अडाणी ग्रुप के शेयरों के दामों में तेजी लाने के लिए किया गया था।



#### बाजार में मिलाजुला कारोबार

एशियाई बाजार में मिलाजुला कारोबार रहा। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग में 0.13% की बढ़त के साथ 17,111 के स्तर पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.14% गिरा है और कोरिया के कोस्पी में 1.15% की तेजी रही।

# ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 20% के अपर सर्किट पर



**मुंबई।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर में लिस्टिंग के दूसरे कारोबारी दिन 12 अगस्त को भी 20% का अपर सर्किट लग गया है। इसके चलते शेयर 18.24 रुपए चढ़कर 109.44 रुपए के ऑलटाइम हाई पर बंद हुआ। इसी के साथ लिस्टिंग के बाद शेयर अब तक 40% का रिटर्न दे चुका है। यह शेयर शुक्रवार, 9 अगस्त को स्टॉक एक्सचेंज पर फ्लैट लिस्ट हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर कंपनी का शेयर 76 के इश्यू प्राइस पर ही लिस्ट हुआ था। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर शेयर इश्यू प्राइस से 0.01% नीचे 75.99 पर लिस्ट हुआ था। इसके बाद शेयर 20% के अपर सर्किट के साथ 91.20 के स्तर पर बंद हुआ था।

#### टोटल 4.45 गुना सब्सक्राइब हुआ था IPO

यह IPO 2 अगस्त से 6 अगस्त तक निवेशकों के लिए ओपन था। तीन कारोबारी दिनों में यह IPO टोटल 4.45 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल कैटेगरी में 4.05 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) में 5.53 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) कैटगरी में 2.51 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

# पहली तिमाही में वोल्टास का मुनाफा 159% बढ़कर 334 करोड़

### AC बनाने वाली कंपनी का रेवेन्यू 46% बढ़ा, शेयर में 10% से ज्यादा तेजी रही

एजेंसी । लखनऊ

टाटा ग्रुप की एयर कंडीशनर बनाने वाली कंपनी वोल्टास लिमिटेड को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 334 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले की समान तिमाही के मुकाबले इसमें 158.51% की बढ़ोतरी हुई है। Q1FY24 (वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही) में कंपनी को 129 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। कंपनी के संचालन से कॉन्सोलिडेटेड रेवेन्यू की बात करें तो अप्रैल-जून तिमाही में यह 4,921 करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर इसमें 46.46% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 3,360 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है।

#### वोल्टास लिमिटेड की टोटल इनकम 45.82% बढ़ी




अप्रैल-जून तिमाही में वोल्टास लिमिटेड की टोटल इनकम सालाना आधार पर 45.82% बढ़कर 5,001 करोड़ रुपए रही। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में कंपनी की आय 3,430 करोड़ रुपए रही थी। वहीं, इस दौरान कंपनी का टोटल एक्सपेंस यानी खर्च 4,520 करोड़ रुपए रहा।

#### वोल्टास के शेयर में 10% से ज्यादा की तेजी

नतीजों के बाद वोल्टास लिमिटेड का शेयर आज (सोमवार, 12 अगस्त) 10.69% चढ़कर 1,581.55 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर ने पिछले 5 दिन में 6.57%, एक महीने में 4.05%, 6 महीने में 47.07% और एक साल में 91.61% का रिटर्न दिया है। वोल्टास का शेयर इस साल यानी 1 जनवरी 2024 से अब तक 61.72% चढ़ा है। कंपनी का मार्केट-कैप 52,300 करोड़ रुपए है।




# जेप्टो 310 मिलियन डॉलर फंड जुटाएगी

### 5 बिलियन डॉलर हो जाएगी कंपनी की वैल्यूएशन

### 2023 में जेप्टो को यूनिकॉर्न स्टेटस मिला था

**मुंबई।** इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी ऐप जेप्टो एडिशनल 310 मिलियन डॉलर (2,602 करोड़) फंड जुटाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फंडरेजिंग राउंड के बाद कंपनी की वैल्यूएशन पिछले महीने के लास्ट फंडिंग राउंड की तुलना में 40% बढ़कर 5 बिलियन डॉलर (41,978 करोड़) हो जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, फाइनेंसिंग के इस नए राउंड से तीन साल पुरानी कंपनी जेप्टो की टोटल फंडिंग दो लगातार राउंड में लगभग 1 बिलियन डॉलर यानी 8,395 करोड़ हो जाएगी। नए फंडिंग राउंड में बड़े निवेशकों के शामिल होने की उम्मीद है। इस राउंड में मार्स ग्रोथ कैपिटल शामिल हो सकती है, जिसे मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप Inc को-मैनेज करती है। इजरायल के लिक्विडिटी ग्रुप के साथ-साथ अमेरिका बेस्ड जनरल कैटालिस्ट और अन्य मौजूदा निवेशकों के भी शामिल होने की उम्मीद है।

#### जनरल कैटालिस्ट 200 मिलियन डॉलर निवेश करेगी

मार्स ग्रोथ लगभग 50 मिलियन डॉलर (420 करोड़) का निवेश कर सकती है, जबकि जनरल कैटालिस्ट लगभग 200 मिलियन डॉलर (1,679 करोड़) का योगदान दे सकती है। मौजूदा निवेशकों और कुछ हाई-नेट-वर्थ वाले व्यक्तियों की भागीदारी के साथ फंडिंग राउंड का टोटल साइज 350 मिलियन डॉलर (2,938 करोड़) तक पहुंच सकता है।

## सरस्वती साड़ी डिपो का IPO हुआ ओपन



**मुंबई।** सरस्वती साड़ी डिपो लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO आज यानी 12 अगस्त को ओपन हो गया है। निवेशक 14 अगस्त तक इस IPO के लिए बिडिंग कर सकेंगे। 20 अगस्त को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 160.01 करोड़ जुटाना चाहती है।

खुलासा : इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर की पत्नी ने बताया, मौत से पहले खुद के साथ लंबी मानसिक और शारीरिक लड़ाई लड़ी

# दिग्गज क्रिकेटर ग्राहम थोर्प ने अवसाद और चिंता में की थी आत्महत्या

- 100 टेस्ट मैच और 82 वनडे मुकाबले खेले थे ग्राहम थोर्प ने
- 16 शतक, 39 अर्धशतक समेत नौ हजार से अधिक रन बनाए

एजेंसी | मुंबई

लंदन। लंबे समय से अवसाद और चिंता से जूझ इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प ने आत्महत्या की थी। यह जानकारी थोर्प की पत्नी ने एक साक्षात्कार में साझा की है। अमांडा थोर्प ने माइकल अथरटन को द टाइम्स से बातचीत में बताया है कि वह लंबे समय से डिप्रेशन से जूझ रहे थे और अवसाद के कारण उन्होंने आत्महत्या की थी।



## 55 साल की उम्र में हुआ निधन

थोर्प का 5 अगस्त को 55 साल की उम्र में निधन हो गया था। उनके निधन की घोषणा इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने की थी लेकिन इसका कारण नहीं बताया था। अब उनकी पत्नी ने खुलासा किया है कि उन्होंने निधन से पहले खुद के साथ एक लंबी मानसिक और शारीरिक लड़ाई लड़ी थी। अमांडा ने बताया कि वह अफगानिस्तान के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे थे। लेकिन मई 2022 में अपनी जान लेने के पिछले प्रयास के बाद उन्हें अस्पताल में रखा गया था। थोर्प की तबीयत में सुधार हो रहा था। लेकिन, बीच-बीच में वह गहरे अवसाद में भी चले जा रहे थे।

## इलाज का नहीं हुआ फायदा

हमने एक परिवार के रूप में उनका समर्थन किया और इलाज का पूरा प्रयास। लेकिन दुर्भाग्य से उनमें से कोई भी वास्तव में काम नहीं कर रहा था। उन्हें वास्तव लगता था कि उनके बिना हम बेहतर रहेंगे और हम इस बात से बहुत दुखी हैं कि उन्होंने इस पर काम किया और अपनी जान ले ली। एक अन्य रिपोर्ट में थोर्प की पत्नी के हवाले से बताया, पत्नी और दो बेटियां होने के बावजूद, जिनसे वह बहुत प्यार करते थे और जो उन्हें दिलो जान से चाहते थे, वह स्वस्थ नहीं हो पाए। वह हाल के दिनों में काफी अस्वस्थ थे। उन्हें लगता था कि उनके बिना हम बेहतर जिंदगी व्यतीत करेंगे लेकिन उन्होंने अपनी जान गंवा दी और हम बर्बाद हो गए। थोर्प की याद में पिछले शनिवार को फर्नहैम क्रिकेट क्लब और चिपस्टेड क्रिकेट क्लब के बीच मैच शुरू होने से पहले एक समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें उनकी पत्नी और बेटियों किटी (22) और एम्मा (19) ने भाग लिया था।

# अश्विन और बुमराह को छोड़कर सभी सितारे खेलेंगे

एजेंसी | बेंगलुरु

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को छोड़कर भारत के कुछ नियमित स्टार दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में खेलेंगे। इसे बीसीसीआई ने अनंतपुर की जगह बेंगलुरू में कराने का फैसला किया है। अनंतपुर बेंगलुरू से 230 किलोमीटर दूर है और हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ भी नहीं है। एक सूत्र ने बताया, कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की सुविधा के लिए यह फैसला लिया गया है ताकि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लाल गेंद के क्रिकेट का अनुभव हो जाए। भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में और 27 सितंबर से कानपुर में





- 05 सितंबर से 22 सितंबर तक चलेगा दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट
- 04 टीमों के बीच कुल छह मुकाबले खेले जाएंगे
- 10 टेस्ट मैच भारतीय टीम अगले पांच महीने में खेलेगी
- 05 इनमें से घर में और पांच मुकाबले ऑस्ट्रेलिया में होंगे

## कोहली और रोहित को छूट संभव

सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को छूट दी जा सकती है। टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला पूरी तरह से उन पर छोड़ा जाएगा। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के दो सेट के मैच आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में 5 सितंबर से होने थे लेकिन अब उनमें से एक को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराया जाएगा ताकि लॉजिस्टिक की समस्या नहीं आए। चयनकर्ता ऋषभ पंत को भी दलीप ट्रॉफी में खेलते देखना चाहते हैं। अगर ऐसा होता है कि दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना के बाद यह उनका पहला लाल गेंद का टूर्नामेंट होगा। सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे मोहम्मद शमी इसमें नहीं खेलेंगे।



# रुबलेव खिताब के लिए पोपिरिन का करेंगे सामना

एजेंसी | मॉन्ट्रियल

रूस के आंद्रे रुबलेव नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुषों के फाइनल में पहुंच गए हैं। इस साल मैड्रिड और हांगकांग में खिताब जीतने वाले 26 वर्षीय रुबलेव ने रविवार को बारिश से प्रभावित मैच में माटेओ अर्नाल्डी को लगातार सेटों में 6-4, 6-2 से हरा दिया। फाइनल में उनका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन से होगा। पोपिरिन ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को 7-6 (0), 6-3 से शिकस्त दी। इससे पहले रविवार को क्वार्टर फाइनल में पोपिरिन ने चौथी वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज को 3-6, 7-6 (5), 7-5 से और कोर्डा ने दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (5), 1-6, 6-4 से हराया था।

# अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला में होगी खिताबी भिड़ंत

एजेंसी | टोरंटो



अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने रविवार को तीन सेट के कड़े मुकाबले में हमवतन आठवीं वरीय एम्मा नवारो को पराजित कर दिया। विश्व रैंकिंग में 132वें नंबर की अनिसिमोवा ने नवारो को 6-3, 2-6, 6-2 से हराया। अब उनका सामना एक और अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा। मौजूदा चैंपियन और तीसरी वरीय पेगुला ने एक अन्य सेमीफाइनल में 14वीं वरीयता प्राप्त रूस की डायना श्नाइडर को 6-4, 6-3 से हराया। अनिसिमोवा ने पिछले साल टेनिस से मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक लिया था। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अभी तक दो डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीते हैं।

# श्रीजा अकुला स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण यूटीटी से बाहर

एजेंसी | चेन्नई



भारतीय टेबल टेनिस स्टार श्रीजा अकुला स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के आगामी सत्र से बाहर हो गई हैं। श्रीजा और दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा ने पेरिस ओलंपिक में व्यक्तिगत स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। श्रीजा विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान के साथ भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। दो बार की राष्ट्रीय चैंपियन अकुला को यूटीटी में जयपुर पैट्रियट्स की ओर से खेलना था लेकिन सोमवार को जारी बयान में इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सूचित किया कि उन्हें छह हफ्ते आराम करने की जरूरत है। यूटीटी का आगामी सत्र 22 अगस्त से 7 सितंबर तक चेन्नई में खेला जाएगा।

प्रज्ञाननंदा को मिला-जुला ड्रॉ

# आरोनियन और कारुआना देंगे चुनौती

एजेंसी | सेंट लुई

सेंट लुई। आर प्रज्ञाननंदा को सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मिला-जुला ड्रॉ मिला है। यह भारतीय ग्रैंडमास्टर अपने अभियान की शुरुआत काले मोहरों से अमेरिका के लेवोन आरोनियन के खिलाफ करेगा। पांच दिवसीय प्रतियोगिता के बाद सिंकफील्ड कप होगा जो इस साल ग्रैंड शतरंज टूर का आखिरी टूर्नामेंट है जिसमें भारत के डी गुकेश भी प्रज्ञाननंदा के साथ चुनौती पेश करेंगे।



## कारुआना सबसे बड़े दावेदार

कुल इनामी राशि एक लाख 75 हजार डॉलर है और मौजूदा फॉर्म को देखते हुए कारुआना खिताब के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। अमेरिकी खिलाड़ी ने रोमानिया के बुखारेस्ट में सुपरबेट क्लासिक में चार खिलाड़ियों के टाईब्रेकर में जीत हासिल की थी और फिर क्रोएशिया के जाग्रेब में सुपरयूनाइटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में पांच दौर शेष रहते जीत दर्ज की। रैपिड एंव ब्लिट्ज नियमों के तहत खेले जाने वाले टूर्नामेंट में दस खिलाड़ियों के बीच रैपिड के नौ दौर और ब्लिट्ज के 18 दौर होंगे।

## रैंकिंग सुधारने का मौका

प्रज्ञाननंदा को मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव और अलीरेजा फिरोजा की फ्रांसीसी जोड़ी, ग्रैंड शतरंज टूर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फैबियानो कारुआना और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसोत्तोरोव खिलाफ सफेद मोहरों से खेलना है जिससे उनके पास टूर पर अपनी वर्तमान तीसरी रैंकिंग से सुधार करने का अच्छा अवसर है। साल के शुरुआती हिस्से में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद प्रज्ञाननंदा बील मास्टर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए और कुछ महत्वपूर्ण रेटिंग अंक गंवाकर विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गए।

# श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से पहले बेन स्टोक्स चोटिल

एजेंसी | कोलंबो



श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से पहले बेन स्टोक्स चोटिल मैनचेस्टर। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता हंड्रेड में खेलते समय चोटिल हो गए हैं। इससे उनके श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में भाग लेने पर सवालिया निशान लग गया है। नॉर्दर्न सुपर चार्जस की तरफ से मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ मैच में रन लेते समय 33 वर्षीय स्टोक्स के बाएं पैर की मांसपेशियां खिंच गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। वह दो रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। अभी उनकी चोट की गंभीरता का पता नहीं लगा है। उनके सामने जल्द फिट होने की चुनौती होगी। श्रीलंका के खिलाफ उसका पहला मैच 21 अगस्त से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 6 सितंबर से ओवल में खेला जाएगा। स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड ने पिछले महीने वेस्टइंडीज को तीन टेस्ट मैच की सीरीज में 3-0 से हराया था।

# श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' की एडवांस बुकिंग शुरू

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' की दूसरी किस्त सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को दर्शकों के बीच आएगी। ताजा खबर यह है कि 'स्त्री 2' की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर साझा कर इस खबर की जानकारी दी है। इस फिल्म निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है।

## 14 अगस्त को दिखाया जाएगा पहला शो

रिलीज से एक दिन पहले यानी 14 अगस्त को रात 9:30 बजे 'स्त्री 2' का पहला शो दर्शकों को दिखाया जाएगा। पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। दिनेश विजन और ज्योति देशपांडे इसके निर्माता हैं। बॉक्स ऑफिस पर 'स्त्री 2' का सामना अक्षय कुमार की फिल्म 'खेल खेल में' से होने वाला है। इसके अलावा जॉन अब्राहम की फिल्म 'वेदा' भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' ने भारत में कमाए 150 करोड़ रुपये

शॉन लेवी के निर्देशन में बनी हॉलीवुड फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' रिलीज के बाद से ही भारतीय बॉक्स ऑफिस पर लगातार धमाल मचा रही है। तीसरे सप्ताह में भी इस फिल्म का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की इस फिल्म ने अब भारत में 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इसी के साथ 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' भारत में 150 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली नौवीं हॉलीवुड फिल्म बन गई है। 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' कमाई के मामले में 'कैप्टन मार्वल', 'फास्ट एक्स' और 'मिशन इम्पॉसिबल 7' को पछाड़ चुकी है। यह फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' (161 करोड़), 'द लायन किंग' (188 करोड़), 'द जंगल बुक' (261 करोड़), 'स्पाइडर-मैनः नो वे होम' (266 करोड़), 'एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर' (299 करोड़), 'एवेंजर्सः एंडगेम' (448.00 करोड़) और 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' जैसी फिल्मों से पीछे है। 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' भारत में सर्वाधिक कमाई करने वाली हॉलीवुड फिल्म है। जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' ने भारत में 467 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म ने दुनियाभर में 19,000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। मालूम हो कि 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' 16 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह 2009 में आई फिल्म 'अवतार' का सीक्वल थी। इस फिल्म के अभी 3 भाग और आने हैं जो 2025, 2029 और 2031 में रिलीज होने प्रस्तावित हैं।



# 'ये मेरी फैमिली 4' का ट्रेलर जारी



अमेजन प्राइम वीडियो की लोकप्रिय वेब सीरीज 'ये मेरी फैमिली' के पिछले तीनों सीजन का दर्शकों का खूब प्यार मिला, जिनकी सफलता के बाद निर्माताओं ने इसके चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है। अवस्थी परिवार एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए आ रहा है। अब 'ये मेरी फैमिली 4' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अवस्थी परिवार की खट्टी-मीठी झलकियां दिख रही हैं। पुरानी यादों से भरा यह ट्रेलर लोगों को पंसद आ रहा है। 'ये मेरी फैमिली 4' का प्रीमियर अमेजन मिनी टीवी पर होगा। वेब सीरीज की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। इस शो को आप 16 अगस्त से अमेजन मिनी टीवी पर देख पाएंगे। निर्माताओं ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, 'अवस्थी परिवार एक बार फिर आ गया है। इस बार अपने साथ मानसून की मस्ती लेकर। उत्साहित हो इनसे मिलें?' 'ये मेरी फैमिली 4' में जूही परमार, राजेश कुमार और हेतल गडा जैसे सितारे मुख्य भूमिका में होंगे।

# 'कंगुवा' का ट्रेलर जारी




दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता सूर्या पिछले लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म 'कंगुवा' को सुर्खियों में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने 'कंगुवा' का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें सूर्या और बॉबी जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। टीजर में दोनों आमने-सामने दिख रहे हैं। 'कंगुवा' को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म में सूर्या और बॉबी कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे। इसके निर्देशन की कमान शिव ने संभाली है। 'कंगुवा' इस साल दशहरा के खास मौके पर यानी 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' से होगा।

# कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' का नया पोस्टर जारी



बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री कंगना रनौत पिछले कुछ समय से अपनी आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। 'इमरजेंसी' में कंगना न सिर्फ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी, बल्कि उन्होंने इसके निर्देशन की कमान भी संभाली है। अब निर्माताओं ने 'इमरजेंसी' का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें कंगना समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। ट्रेलर के साथ निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। 'इमरजेंसी' का ट्रेलर आगामी 14 अगस्त को रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन और सतीश कौशिक जैसे सितारे भी नजर आएंगे। 'इमरजेंसी' 6 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म की कहानी खुद कंगना ने लिखी है, वहीं फिल्म का निर्माण वह रेणु पिट्टी के साथ मिलकर कर रही हैं।

# कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस : हड़ताल पर 3 लाख डॉक्टर

## ममता बोलीं- 18 अगस्त तक पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो जांच CBI को सौंपेंगे

एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली/कोलकाता। कोलकाता के RG कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 8 अगस्त देर रात ट्रेनी डॉक्टर की अर्धनग्न लाश मिली थी। पुलिस के मुताबिक, रेप के बाद उसकी हत्या की गई। प्राइवेट पार्ट, आंखों और मुंह से खून बह रहा था। उसकी गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पाई गई थी। घटना को लेकर देशभर के 3 लाख रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। AIIMS दिल्ली समेत देशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में OPD सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गई हैं। ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (FORDA) के जनरल सेक्रेटरी डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा- हेल्थ सेक्रेटरी से हमने घटना की CBI जांच कराने और डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग रखी है। जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता, हड़ताल जारी रखेंगे।




### ट्रेनी डॉक्टर के घर पहुंचीं ममता बनर्जी

इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार सुबह ट्रेनी डॉक्टर के घर पहुंचीं। यहां उन्होंने कहा- 18 अगस्त तक पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो जांच CBI को सौंप देंगे। हालांकि, CBI का सक्सेस रेट काफी कम है। केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में भी चलना चाहिए।

### ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केस में अपडेट्स

- PGIMER चंडीगढ़ के रेजिडेंट डॉक्टरों ने कोलकाता की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। डॉक्टरों इस मामले में न्याय की मांग की है।
- दिल्ली के भी प्रमुख सरकारी अस्पतालों में आज से सभी वैकल्पिक सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद की गईं। RML अस्पताल की डॉक्टर पल्लवी ने कहा- घटना के लिए जिम्मेदार लोगों सजा होनी चाहिए।
- महाराष्ट्र के डॉक्टर्स भी हड़ताल कर रहे हैं। BMC के महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स ने कहा- 13 अगस्त को सुबह 8 बजे से नॉन इमरजेंसी सेवाएं अनिश्चित काल के लिए बंद कर दी जाएंगी।
- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार दोपहर करीब 12.45 बजे रेप-मर्डर केस की पीड़ित डॉक्टर के घर गईं। ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता और परिवार के सदस्यों से बात की।
- महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या मामले की CBI जांच की मांग वाली 3 जनहित याचिकाओं पर कलकत्ता हाईकोर्ट मंगलवार (13 अगस्त) को सुनवाई करेगा।
- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कोलकाता की घटना पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवार और साथी डॉक्टरों को न्याय मिलने की बात कही। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया।
- राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) की डेलिना खोंगडुप के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय टीम कोलकाता पहुंची। टीम ने पुलिस, ट्रेनी डॉक्टर के परिवार और अस्पताल के डॉक्टर से मुलाकात की।

न्यूज़ ब्रीफ

### बांग्लादेश बैंक के दो डिप्टी गवर्नर का इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश बैंक के दो डिप्टी गवर्नर और वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफयूआई) के प्रमुख ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। बांग्लादेश बैंक के गवर्नर के इस्तीफा दिए जाने के बाद अंतरिम सरकार ने इन्हें भी इस्तीफा देने का निर्देश दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, डिप्टी गवर्नर काजी सईदुर रहमान और एमडी खुर्शीद आलम ने सुबह अपना इस्तीफा सौंप दिया। मनी लॉन्ड्रिंग और संदिग्ध लेनदेन की जांच के लिए जिम्मेदार सरकारी एजेंसी बीएफआईयू के प्रमुख मसूद बिस्वास ने भी इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय बैंक के एक सलाहकार ने भी अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

### पवन कल्याण ने की अल्पसंख्यकों के लिए संयुक्त राष्ट्र से अपील

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने के लिए अपील की। कल्याण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद और भारत में बांग्लादेश उच्चायोग से तुरंत जरूरी कार्रवाई करने और वहां शांति-व्यवस्था बहाल करने का आह्वान करता हूं। उन्होंने पड़ोसी देश में हिंदुओं, ईसाइयों, बौद्धों और अहमदिया सुमदाय के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर कदम उठाने को कहा। जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने सभी अल्पसंख्यकों के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि बांग्लादेश से हाल ही में सामने आईं तस्वीरें दिल दहला देने वाली और चिंताजनक हैं।

### असम में NH 27 पर ट्रक ने 2 कारों और सड़क पर मौजूद लोगों की कुचला, 6 की मौत

कोकराझार। असम के कोकराझार जिले में सोमवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने कुछ लोगों को दो कार और कुछ लोगों को टक्कर मार दी। इस घटना में 6 लोगों की मौत हो गई है। एक व्यक्ति घायल है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसा NH 27 पर कचुगांव में महामाया मंदिर के पास हुआ। आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

### बांग्लादेश बॉर्डर पर BSF जवानों ने बांग्लादेशी तस्कर को मार गिराया

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में बांग्लादेश बॉर्डर पर 11-12 अगस्त की रात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) और बांग्लादेशी तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान BSF ने एक तस्कर को मार गिराया। घटना BSF के साउथ बंगाल फ्रंटियर के अंतर्गत 115वीं बटालियन की चांदनीचक बॉर्डर चेक पोस्ट की है।

### कर्नाटक सरकार ने राज्य के सभी डैम की कंडिशन जांचने ने एक्सपर्ट कमेटी गठित की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने राज्य के सभी डैम की स्थिति जांचने के लिए एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया है। प्रदेश के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार तुंगभद्रा डैम का गेट के बह जाने के बाद यह फैसला लिया है। 9 अगस्त को कोप्पल जिले में मौजूद तुंगभद्रा डैम का 19वां गेट चेन लिंक टूटने के बाद बह गया था। इसके कारण कई इलाकों में पानी भर गया था।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट से राहुल झूठ फैला रहे : भाजपा

एजेंसी । नई दिल्ली



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट और कांग्रेस के आरोपों पर सोमवार को कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। इसलिए वह टूलकिट गिरोह के साथ मिलकर भारतीय शेयर बाजार को खत्म करना चाहती है। रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- हिंडनबर्ग के मेन इन्वेस्टर अमेरिकी बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोधी और टूलकिट गैंग हैं। राहुल गांधी उनके एजेंट हैं। राहुल, पीएम मोदी से नफरत करते-करते देश से नफरत करने लगे हैं। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पिछले कुछ साल में देखा जा रहा है जब संसद सत्र शुरू होता है, उसी समय ऐसे आरोप सामने आते हैं। पीएम पर डॉक्यूमेंट्री, हिंडनबर्ग रिपोर्ट उदाहरण हैं। साफ है कि विपक्ष के तार विदेशों से जुड़े हैं। दरअसल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में सेबी चेयरपर्सन पर लगे आरोपों के बाद राहुल गांधी ने पूछा था कि अगर निवेशकों को नुकसान होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। PM जेपीसी जांच से क्यों डरते हैं, यह अब पूरी तरह साफ हो गया है।

### जॉर्ज सोरोस प्रधानमंत्री मोदी को अलोकतांत्रिक बता चुके हैं

जॉर्ज सोरोस का जन्म 12 अगस्त, 1930 को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुआ था। जॉर्ज पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने का एजेंडा चलाने का आरोप हैं। सोरोस की संस्था 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने 1999 में पहली बार भारत में एंट्री की। 2014 में इसने भारत में दवा, न्याय व्यवस्था को बेहतर बनाने और विकलांग लोगों को मदद करने वाली संस्थाओं को फंड देना शुरू किया। 2016 में भारत सरकार ने देश में इस संस्था के जरिए होने वाली फंडिंग पर रोक लगा दी। अगस्त 2023 में जॉर्ज का म्यूनिख सिक्योरिटी काउंसिल में दिया बयान बेहद चर्चा में रहा। जब उन्होंने कहा था कि भारत लोकतांत्रिक देश है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी लोकतांत्रिक नहीं हैं। उनके उनके तेजी से बड़ा नेता बनने की अहम वजह मुस्लिमों के साथ की गई हिंसा है।

वीएचपी नेता विकास हत्याकांड

## पंजाब पुलिस ने गोंडा के मुकुल मिश्रा को पकड़ा

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने वीएचपी नेता विकास बग्गा की हत्या के मामले में वांछित एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान यूपी के गोंडा जिला निवासी मुकुल मिश्रा के रूप में हुई है। उसने बग्गा की हत्या के लिए हथियार खरीदने के लिए बैंक लेनदेन में मदद की थी। पुलिस महानिदेशक (डीजी पी) गौरव यादव ने सोमवार को यह जानकारी दी।



डीजीपी ने कहा, पुलिस ने इस मामले में दो हमलावरों मंदीप कुमार उर्फ मंगी और सुरिंदर कुमार उर्फ रिक्का को गिरफ्तार करने के चार महीने बाद यह सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने इस मामले में दो .32 बोर की पिस्तौल और अपराध में इस्तेमाल स्कूटर बरामद किया था। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) की नांगल इकाई के अध्यक्ष विकास बग्गा की 13 अप्रैल को रूपनगर जिले के नांगल कस्बे में उनकी दुकान पर स्कूटर सवार दो अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं से हिंसा पर यूनुस सरकार ने माफी मांगी

एजेंसी । नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदुओं से हिंसा पर मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने सोमवार को माफी मांगी। गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन ने माना कि वे अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा करने में विफल रहे। हुसैन ने मीडिया से कहा, हम हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहे। मैं हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा, हमारे अल्पसंख्यक भाइयों की सुरक्षा करना बहुसंख्यक समुदाय का कर्तव्य है। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें जवाब देना होगा कि वे सुरक्षा प्रदान करने में विफल क्यों रहे। यह हमारे धर्म का भी हिस्सा है कि हमें अपने अल्पसंख्यकों की रक्षा करनी चाहिए। मैं अपने अल्पसंख्यक भाइयों से माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा, देश अराजकता के दौर से गुजर रहा है। पुलिस खुद अच्छी स्थिति में नहीं है, इसलिए मैं समाज से आग्रह करता हूं कि अल्पसंख्यकों की रक्षा करें। वे हमारे भाई हैं और हम सभी एक साथ बड़े हुए हैं।




### हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ लोगों का हुजूम उमड़ा

बांग्लादेश के गोपालगंज शहर में सोमवार को हिंदुओं पर हुए हमलों के खिलाफ हजारों लोगों का हुजूम उमड़ा। लोगों ने मानव श्रृंखला बनाई और देश के विभिन्न हिस्सों में अल्पसंख्यक समुदायों पर हुए अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन किया। रिपोर्ट के मुताबिक, शहर के प्रेस क्लब के सामने बंगबंधु रोड पर 'धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के बैनर तले रैली आयोजित की गई। मौके पर जिला पूजा उद्जापन परिषद के अध्यक्ष मृणाल कांति रॉय चौधरी, पूर्व अध्यक्ष डॉ असित कुमार मलिक और अन्य ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देशभर में अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार हो रहे हैं। हिंदुओं के मंदिरों, घरों और दुकानों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने घटनाओं की तत्काल जांच करने और दोषियों को गिरफ्तार कर न्याय के कठघरे में लाने की मांग की।

## हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन का दौर जारी

एजेंसी । ह्यूस्टन

बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों समुदायों पर हमलों के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन का दौर रविवार को भी जारी रहा।



300 से अधिक भारतीय-अमेरिकी और बांग्लादेशी मूल के हिंदू ह्यूस्टन के शुगर लैंड सिटी हॉल में एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति जो बाइडन से अपील की कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाएं। आयोजकों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने बाइडन प्रशासन से आग्रह किया कि वह मानवता के खिलाफ हो रहे जघन्य अपराधों के दौरान मूकदर्शक न बने रहें। आयोजकों ने बांग्लादेशी हिंदुओं को सतर्क रहने, स्थिति पर नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति में मिलकर आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। 'बांग्लादेश में हिंदुओं को बचाओ प्रदर्शन का आयोजन ग्लोबल वॉयस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज ने किया। यह ह्यूस्टन के प्रमुख हिंदू समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाला प्रमुख संगठन है, जिसमें मैत्री, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ऑफ अमेरिका, हिंदूएक्शन, हिंदूपैक्ट, ह्यूस्टन दुर्गाबाड़ी सोसाइटी, इस्कॉन, ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा और कई अन्य समूह शामिल हैं।

## भारत में घुसपैठ को रोकने के लिए एक्शन में तटरक्षक बल

### अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा की चौबीसों घंटे हो रही निगरानी

एजेंसी । नई दिल्ली

बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ लेने के बाद भी हिंसक प्रदर्शन, अराजकता और उपद्रव नहीं थम रहा है। वहीं, पड़ोसी देश में जारी हिंसक प्रदर्शन से सहमें कई लोग भारत में अवैध तरीके से घुसने के फिराक में हैं। हालांकि, बांग्लादेश के मौजूदा हालात को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा की भी हो रही चौबीसों घंटे निगरानी

वहीं, भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ के बाद अब भारतीय तटरक्षक बल भी एक्शन मोड में है। भारतीय तटरक्षक बल के उप महानिदेशक अनुपम राय ने बताया कि भारत में किसी भी तरह की अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की निगरानी के लिए दो से तीन जहाज तैनात किए हैं।

### तटीय निगरानी रडार से हो रही सीमा की निगरानी

उन्होंने बताया कि तटरक्षक बल के तटीय निगरानी रडार चौबीसों घंटे सुंदरबन, हल्दिया, पारादीप और गोपालपुर में लगातार निगरानी कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक कोई अवैध गतिविधि नहीं देखी गई है।

### BSF ने भी कड़ी की सुरक्षा

इस बीच, बांग्लादेश में चल रहे संकट को देखते हुए सीमा सुरक्षा बलों ने भी भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। BSF ने सीमा चौकियों पर तैनाती भी बढ़ा दी है।

## तेलंगाना पुलिस ने 14 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की, 2 गिरफ्तार



**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने सोमवार को इंटरस्टेट ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया। मामला पेड्डा अंबरपेट टाउन का है। यहां हैश ऑयल के ट्रांसपोर्टेशन में शामिल 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने लगभग 14 करोड़ रुपए 13.5 किलोग्राम हैश ऑयल, 2 मोबाइल फोन, 1 किलोग्राम वजन की पैकेजिंग सामग्री और अन्य आपत्तिजनक सामान जब्त किया है। बता दें कि एक किलोग्राम हैश ऑयल बनाने में लगभग 35 से 40 किलोग्राम गांजा का उपयोग होतै है। इसका मतलब यह है कि जब्त किए गए 13.5 किलोग्राम हैश ऑयल बनाने में लगभग 560 किलोग्राम गांजा की जरूरत पड़ी होगी।

## अहमदाबाद से 'हर घर तिरंगा यात्रा' का होगा शुभारंभ

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को दिखाएंगे हरी झंडी

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल अहमदाबाद में 'हर घर तिरंगा यात्रा' की शुरुआत करेंगे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को अहमदाबाद में भाजपा की 'हर घर तिरंगा यात्रा' को हरी झंडी दिखाएंगे। अहमदाबाद नगर निगम की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ध्वज के प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव और एकता को बढ़ावा देना है और यह अहमदाबाद के विराटनगर क्षेत्र में शाम 4.30 बजे शुरू होगा।



### बीजेपी ने शुरू किया 'हर घर तिरंगा अभियान'

ये अभियान देशभक्ति और राष्ट्रीय पहचान की भावना को मजबूत करते हुए नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के व्यापक अभियान की पहल का हिस्सा है। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया है। इस दौरान केंद्र सरकार ने नागरिकों से हर घर, दुकान और दफ्तर पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया।

### पीएम मोदी ने की थी राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील

इससे पहले, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पार्टी के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की थी। 28 जुलाई को 112वीं 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी भारतीयों से स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान में हिस्सा लेने का आह्वान किया था।

### कब हुई थी इसकी शुरुआत?

जानकारी के लिए बता दें कि 'हर घर तिरंगा' एक अभियान है जो आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है। इसकी शुरुआत 2021 में लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले नागरिकों को अपनी प्रोफाइल तस्वीरों को तिरंगे में बदलकर 'हर घर तिरंगा' अभियान को एक जीवंत जन आंदोलन में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया। गृह मंत्री शाह ने भी इस अपील को दोहराया और व्यापक भागीदारी और सेल्फी साझा करने का आग्रह किया।

## मोर करी का वीडियो बनाने पर मामला दर्ज

### यूट्यूबर ने चैनल पर संभवतः अधिक व्यूज पाने के लिए ऐसा किया

एजेंसी । हैदराबाद

'मोर करी पकाने की विधि का एक वीडियो यूट्यूब चैनल पर साझा करने के आरोप में तेलंगाना के राजन्ना सिरसिला जिले में एक यूट्यबूर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। यूट्यूबर कोडम प्रणय कुमार के खिलाफ रविवार को मामला दर्ज किया गया। एक वन अधिकारी ने बताया कि यूट्यूबर ने अपने चैनल पर संभवतः अधिक व्यूज पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा अपने चैनल पर मोर करी पकाने का वीडियो पोस्ट करने की सूचना मिलने पर वन अधिकारियों की एक टीम तंगल्लापल्ली गांव पहुंची और उस व्यक्ति के घर से करी बरामद की। करी के नमूने को फॉरेंसिक जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों ने जांच पाया कि प्रणय ने कई अन्य वीडियो भी पोस्ट किए थे, जिसमें विभिन्न जानवरों और पक्षियों के व्यंजन बनाए गए थे। पशु अधिकार कार्यकर्ताओं की मांग पर वीडियो को हटा दिया गया है।



### आरोपों को नकारा

वहीं आरोपी प्रणय कुमार ने इससे पूरी तरह इनकार किया। उसने दावा किया कि वीडियो के प्रति लोगों को आकर्षित करने के लिए भ्रामक शीर्षक दिया था। उसने जोर देकर कहा कि करी चिकन से बनाई थी।